वर्ष- 21 अंक - 342 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

इंदौर, गुरुवार
28 मई 2026

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...



## इंदौर में ईद की नमाज

चित्र इंदौर के खजराना स्थित ईदगाह का



## ट्रम्प की कुर्बानी पर रोक, जू भेजा

**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश में डोनाल्ड ट्रम्प नाम से मशहूर सफेद भैंसे की ईद पर कुर्बानी पर रोक लगा दी गई। इस भैंसे की सबसे खास बात उसके सिर पर मौजूद सुनहरे बालों का गुच्छा है, जो काफी हद तक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हेयरस्टाइल जैसा दिखता है। इसी वजह से लोगों ने मजाक-मजाक में उसका नाम डोनाल्ड ट्रम्प रख दिया था। करीब 700 किलो वजन वाले इस भैंसे की कुर्बानी पर बांग्लादेश सरकार ने रोक लगा दी और उसे नेशनल जू भेजने का फैसला किया।

## मणिपुर के उग्रवादी संगठन का मास्टरमाइंड दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** मणिपुर के प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी के नेता हाओबिजाम दिलीप सिंह को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है। वह सिक्रेट मीटिंग के लिए दिल्ली पहुंचा था। उससे पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

## कर्नाटक के नाटक के बीच इंदौर आ गए राज्यपाल थावरचंद गहलोत

**बेंगलुरु ● एजेंसी**



### सिद्धारमैया के इस्तीफे में नया ट्विस्ट

कर्नाटक में सिद्धारमैया का इस्तीफा होगा या नहीं उनकी जगह उप मुख्यमंत्री शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे या नहीं इसको लेकर तमाम अटकलें लग रही हैं। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद सिद्धारमैया ने आज अपनी कैबिनेट के सभी मंत्रियों को ब्रेकफास्ट मीटिंग पर बुलाया है। इस मीटिंग के बाद वे राज्यपाल थावरचंद गहलोत को इस्तीफा देंगे, ऐसी खबर है लेकिन इसी बीच राज्यपाल बेंगलुरु से चले गए। पहले खबर थी कि वे मुंबई गए हैं, बाद में खबर आई कि पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण वे इंदौर पहुंच गए। अब मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा है कि सिद्धारमैया अपना इस्तीफा राज्यपाल कार्यालय को भेजेंगे। अगर सिद्धारमैया ने इस्तीफा दे दिया तो डीके शिवकुमार नए मुख्यमंत्री हो सकते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई दावत मीटिंग के लिए मंत्री पहुंचने लगे हैं और शिवकुमार को बधाई देने वालों की भी भीड़ जुटने लगी है। यह भी खबर है कि शिवकुमार मुख्यमंत्री बनें तो कम से कम तीन उप मुख्यमंत्री भी बन सकते हैं जिनमें सिद्धारमैया का बेटा भी शामिल है।

## बंदर अब्बास पर अमेरिका का हमला, ईरान का अमेरिकी एयरबेस पर अटैक

**गुरुवार.एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी शांति वार्ता लगातार विफल होती नजर आ रही है। इसी बीच ईरानी की आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने बंदर अब्बास पोर्ट के पास हुए अमेरिकी हमलों के जवाब में अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाते हुए हमला किया है। उधर, कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि वह अपने देश की ओर दागी गई मिलाइलों और ड्रोन्स को रोक रहे हैं।

### ईरान ने की फायरिंग तो उल्टे पांव लौटा अमेरिकी तेल टैंकर

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के पास एक अमेरिकी टैंकर को रोककर वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। टैंकर ने रडार सिस्टम बंद करके रणनीतिक जलमार्ग पार करने की कोशिश की थी, जिसके बाद आईआरजीसी ने चेतावनी वाली गोलियां चलाईं।

## बढ़ती जा रही जंगल की आग, 3 की मौत



**देहरादून.एजेंसी।** उत्तराखंड के जंगलों में दावानल यानी जंगल की आग का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी, बढ़ते तापमान, सूखे जंगल और लापरवाही के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में आग तेजी से फैल रही है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तक 331 हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र जलकर राख हो चुका है, जबकि आग की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत भी हो गई है। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला चमोली बताया जा रहा है।

## तृणमूल के दो और पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता.एजेंसी।** ममता बनर्जी की हार के बाद उनकी पार्टी में भगदड़ का सिलसिला जारी है। कोलकाता नगर निगम के दो और तृणमूल पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। अब तक करीब 60 पार्षद तृणमूल से इस्तीफा दे चुके हैं या नगर पालिकाओं में अपना पद छोड़ चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ...

### गंगा में डूबी नाव 2 की मौत, 5 लापता

**पटना.एजेंसी।** पटना के बाढ़ अनुमंडल में उमानाथ गंगा घाट में एक नाव नदी में पलट गई। नाव पर 14 लोग सवार थे। जिनमें से 2 की मौत हो गई, 5 लापता हैं और 7 लोगों को रेस्क्यू टीम ने बचा लिया।

### हवा में लटकी 250 यात्रियों की जान

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-173 को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। विमान में करीब 250 यात्री सवार थे। उड़ान के दौरान टीसीएएस यानी ट्रैफिक कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा था, जो हवा में विमानों की टक्कर रोकने वाला अहम सुरक्षा सिस्टम माना जाता है। फ्लाइट चीन के ऊपर उड़ रहा था तभी एयर इंडिया ने उसे वापस दिल्ली बुलाने का फैसला लिया। करीब 9 घंटे हवा में रहने के बाद फ्लाइट सुरक्षित एयरपोर्ट पर उतरा।

### आसमान पर पारा, अब आंधी-बारिश का अलर्ट

**गुरुवार.एजेंसी।** मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश सहित कई मैदानी राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मध्यप्रदेश के ज्यादातर जिलों में पारा 40 पार चल रहा है। नौतपा के बीच ही अब मप्र में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना बताई जा रही है। राजस्थान का श्रीगंगा नगर भट्टी बन गया है। यहां पारा 48 पार पहुंच गया। राजस्थान के कई जिलों में पारा 45 पार हो गया है। राजस्थान के ही 11 जिलों में भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उधर हिमाचल, कश्मीर और उत्तराखंड में बर्फबारी का दौर जारी है। बड़ी तादाद में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं जिसके कारण जगह-जगह जाम लगा हुआ है।

### राहुल गांधी से शादी करेंगी अभिनेत्री खुशी



**मुंबई.एजेंसी।** अपनी बोल्ड फैशन चॉइस के लिए मशहूर एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी ने कुबूल किया है कि उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी काफी पसंद हैं। उन्हें लगता है कि राहुल को खामखा ट्रोल किया जाता है। खुशी ने जताया कि अगर राहुल प्रपोज करते हैं तो वो शादी भी जरूर करना चाहेंगी। अगर राहुल खुद आकर, अपने घुटने पर बैठकर मुझे गुलाब देते हुए प्रपोज करें- तो क्यों नहीं। वो प्रपोज करेंगे तो मैं देखूंगी, सोचूंगी।

# निगम को टीडीआर-एफएआर देने का अधिकार किस विधान के तहत

## केन्द्र सरकार की राशि से मास्टर प्लान की सड़क बन रही तो कांग्रेस ने दिखाया आईना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाया और कहा कि मास्टर प्लान की सड़क केंद्र सरकार द्वारा दी गई राशि से बन रही है। मास्टर प्लान राज्य सरकार का बनाया हुआ है तो फिर नगर निगम को टीडीआर-एफएआर देने का अधिकार किस विधान के तहत है। ना तो मास्टर प्लान नगर निगम ने बनाया, ना लागू किया और ना ही उसमें परिवर्तन किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अनुसार सड़क निर्माण की राशि केंद्र सरकार ने प्रदान की। निगमायुक्त अनुसार नगर निगम ना तो सड़क की चौड़ाई कम कर सकता है, ना मास्टर प्लान से ईतर काम कर सकता है तो सवाल यही कि जब उज्जैन में भूमि अधिग्रहण कानून अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है तो इंदौर में क्यों नहीं। क्या उज्जैन नगर निगम को सरकार ने विशेष शहर का दर्जा दिया है, क्या मप्र में दो नीति अपनाई जायेगी। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि सड़क खातिर जो लोग अपने मकान दुकान आदि तोड़ रहे हैं उन्हें नगर निगम किस विधान अनुसार टीडीआर देने, एफआईआर देने का ऐलान कर रहा है। इंदौर में जो पहले सड़कें बनी लोगों ने मकान तोड़े उन सड़कों का निर्माण स्मार्ट सिटी योजना से या बुक बांड योजना अन्तर्गत किया गया। मतलब नगर निगम का योगदान था तो फिर केंद्र सरकार द्वारा बनाई जा रही सड़क या केंद्र सरकार के धन से बनाई गई सड़क पर केंद्र का भूमि अधिग्रहण कानून लागू होगा, राज्य सरकार का भूमि अधिग्रहण कानून लागू होगा और जब मप्र में इंदौर में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिग्रहण की जा रही जमीन खातिर भूमि अधिग्रहण कानून लागू किया गया, 4 गुना गाईड लाईन का मुआवजा दिया जाना तय हुआ तो फिर शहरी क्षेत्रों में भी दो गुना मुआवजा दिया जाए गाईडलाईन का, 70 प्रतिशत लोगो की सहमति ली जाए तथा रोजगार भी दिया जाए।

# अनियोजित विकास और पर्यावरण के विनाश की चेतावनी के लिए महारैली

## छोटा गणपति से राजवाड़ा तक के आयोजन में प्रबुद्धजन, संत और पर्यावरण हितैशी रहेंगे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पर्यावरण प्रेमी मंच ने शासन-प्रशासन, नगर निगम को जागृत करने के उद्देश्य से रविवार 31 मई सुबह 8 बजे छोटा गणपति मल्हारगंज थाना के सामने से राजवाड़ा तक महारैली का आयोजन किया है। यह रैली राजवाड़ा पहुंचेगी, जहां माता अहिल्या की प्रतिमा का पूजन करने के साथ उनके चरणों में शासन-प्रशासन, नगर निगम को सद्बुद्धि देने के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज़ीवन प्रवाह संस्था के सचिव प्रकाश सोनी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शहर में पिछले कुछ वर्षों से निरंतर विकास चल रहा है लेकिन देखा गया है कि विकास के नाम पर कई जगह विनाश जैसी स्थितियां पैदा हो रही है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हरे भरे पेड़ों की बलि दी जा रही है। मेट्रो जैसी परियोजना के नाम पर शहर की ऐतिहासिक इमारतें एवं बसाहट को खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसी तमाम बातों को लेकर पर्यावरण प्रेमी मंच ने सरकार को चेतन्य करने के लिए इस महारैली का आयोजन किया है। पर्यावरण के विनाश के कंधों पर विकास के बजाय संतुलित और नियोजित विकास किया जाना चाहिए यही नहीं शहर के प्राचीन पूर्व बावड़ियों, तालाब से अतिक्रमण हटाकर आने वाली पीढ़ी के लिए जल स्त्रोत सुनिश्चित करना चाहिए। सोनी ने बताया कि आगामी रविवार को निकलने वाली महारैली में शहर के पर्यावरण प्रेमी संत महात्मा एवं शहर हित की चिंता करने वाले प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जा रहा है और उनकी लगातार सहमति मिल रही है।

# वीर सावरकर को याद किया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज देश के वीर महापुरुष वीर सावरकर को उनकी ही जयंती पर याद किया जा रहा है। जंजीरवाला चौराहा स्थित वीर सावरकर प्रतिमा पर आज सुबह भाजपाइयों के अलावा भारत हिन्दू महासभा, वीर सावरकर स्मारक समिति, श्री महाराष्ट्र मंडल रामबाग और अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीर सावरकर के आदेश पर चलने का संकल्प लिया।

# गांधी भवन पर जिला समन्वय समिति की बैठक

## नेहरू को भी किया याद, प्रभारी और सहप्रभारी रहे मौजूद





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला कांग्रेस ने कल गांधी भवन कार्यालय पर प्रभारी विजयलक्ष्मी साधौ, सहप्रभारी अजय रघुवंशी, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री दौलत पटेल की मौजूदगी में पहले पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को याद कर उनकी पुण्यतिथि पर चित्र पर पुष्पांजलि का आयोजन किया। बाद में प्रभारी, सहप्रभारी और विधानसभा प्रभारियों की मौजूदगी में जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की और उसके बाद जिला समन्वय समिति की बैठक भी हुई। किए गए कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही कांग्रेस की आगामी योजनाओं पर चर्चा कर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने को लेकर चर्चा करने के बाद कई निर्देश भी बूथ स्तर पर जारी करने की बात भी तय हुई।



# प्रशिक्षण वर्ग का निमंत्रण

## ताई से आग्रह किया तो 200 रु. पंजीयन शुल्क भी जमा किया



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा जिला ग्रामीण का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा उस वर्ग का निमंत्रण देने के लिए भाजपाई सांसद शंकर लालवानी के कार्यालय पहुंचे उन्हें निमंत्रित किया गया। वहीं जिला प्रशिक्षण वर्ग के लिए पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के निवास पहुंचकर उनको भी प्रशिक्षण वर्ग का निमंत्रण दिया, तो उन्होंने भी 200 रु. का पंजीयन शुल्क जमा करा दिया। जिला भाजपाइयों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, मधु वर्मा, मनोज पटेल को भी उनके निवास पर पहुंचकर निमंत्रण दिया। इस दौरान श्रवणसिंह चावड़ा, रामस्वरूप गेहलोत, दीपक यादव, रवि जैन एवं शहर के अजयसिंह नरूका सहित अन्य मौजूद थे।



# पूर्व विधायक ने की परिजनों से भेंट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल आज़ाद नगर में कांग्रेस नेता शेख शाकिर मसूदी के छोटे भाई अनवर शेख के निधन के बाद उनके निवास पर पहुँचकर परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की और कहा कि पटेल परिवार हमेशा आपके साथ है।

# महापौर के घर के बाहर फुटपाथ की धुलाई के दौरान पहुंचे कांग्रेसी

## वीडियो किया वायरल धुलाई कर रहे निगम कर्मचारी को रोका तो कहा यह पीने का पानी नहीं है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





रेसीडेंसी क्षेत्र के महापौर निवास-कार्यालय के बाहर नगर निगम का वाहन और कर्मचारी की मौजूदगी दिखी तो उस दौरान कांग्रेसी मिथुन यादव भी वहां पहुंच गए। महापौर कार्यालय के बाहर फुटपाथ पर निगम की टीम प्रेशर वाले पानी से फुटपाथ की धुलाई कर रही थी और कांग्रेसियों ने पहुंचकर इसका वीडियो बनाया और बाद में कर्मचारियों को धुलाई करने से रोका और कहा कि लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए परेशानी हो रही है और तुम पानी यहां फुटपाथ धोने में व्यर्थ कर रहे हो। इस पर कर्मचारी भी अड़ गए और कहा कि यह पीने का पानी नहीं है इस पर भी कांग्रेसियों ने कहा कि पीने का नहीं है तो बहुत सारी जगह ऐसी है जहां यह पानी सप्लाय किया जा सकता है, फुटपाथ धोने में पानी अभी व्यर्थ नहीं करना चाहिए, इस पर कांग्रेसियों से कर्मचारी की बहस भी हुई। उसके बाद चित्र और वीडियो वायरल भी किया गया।

# महापौर बोले कांग्रेस ओछी राजनीति पर उतरी

## मामला सचिवालय के बाहर फुटपाथ धुलने का...

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महापौर सचिवालय के बाहर निगम कर्मचारी द्वारा कल बड़े हिस्से का फुटपाथ धोने का मामला हुआ था और कांग्रेस नेता मिथून यादव और अन्य ने वीडियो बनाकर कर्मचारियों से चर्चा भी की थी और पानी का हवाला देकर इस वीडियो को वायरल भी किया। इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव का बयान भी सामने आया। भार्गव ने कहा कि कांग्रेस ओछी और निकृष्ट राजनीति पर उतर चुकी है। महापौर ने यहां तक कहा कि इतने हल्के स्तर पर कांग्रेस राजनीति कर सकती है। मैंने मकान बनाने वाले लोंगों से कहा है कि आप डीट्रेंड पानी का उपयोग करें, मेरे सचिवालय के बाहर भी ड्रेनेज कार्य के बाद डीट्रेंड वॉटर से सफाई करवाई है, पीने के पानी का उपयोग नहीं किया गया है। महापौर ने कहा कि डीट्रेंड वॉटर से अगर सफाई होती है तो उसमें कोई बुराई नहीं है। अगर महापौर के सचिवालय के बाहर सफाई नहीं होगी तो लोग उस पर भी प्रश्न उठाएंगे कि स्वच्छ शहर में महापौर का घर भी साफ नहीं रहता है। महापौर ने कहा मुझे इस बात का दुख है कि घर के बाहर सभी आते जाते हैं जिसमें मीडियाकर्मी भी होते हैं। अगर गंदगी दिखी तो गंदगी का चित्र बन जाएगा। कुल मिलाकर कल कांग्रेस के वीडियो वायरल के बाद महापौर को आज सफाई देना पड़ी।

# कांग्रेसी राजू ने दिखाए गड्ढे तो एमआईसी राठौर ने करवा दिया डामरीकरण

## भदौरिया बोले- धन्यवाद चाचाजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





विपक्ष की भूमिका अदा करने में कांग्रेस के कुछ पार्षद अव्वल नजर आते है। इन्हीं पार्षदों में राजू भदौरिया भी है। तीन दिन पूर्व राजू भदौरिया ने सोशल मीडिया पर एमआर-10 रोड को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें रोड पर हो रहे गड्ढे दिखाए गए। भदौरिया ने इन गड्ढों को भरने के लिए गुहार लगाई क्योंकि गड्ढों के कारण एक्सीडेंट हो रहे थे। भदौरिया के वीडियो के बाद कल जब एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर ने डामरीकरण करवाया तो राजू भदौरिया ने उन्हें धन्यवाद चाचाजी कहा। इसके साथ ही भदौरिया ने बताया कि मेट्रो द्वारा सडक खोदने के बाद उसके मरम्मत के लिए कम्पनी ने 15 करोड रु. नगर निगम को दिए है। भदौरिया ने कहा कि एमआर-10 रोड को जो हिस्सा उनके वार्ड क्र. 22 में आता है वहां उन्होने आरसीसी की सडक बनवाई है। धन्यवाद कहते हुए भदौरिया ने कटाक्ष भी किया कि वार्ड 33 में यह सडक आरसीसी की क्यों नहीं बनाई यहां डामरीकरण क्यों किया?

# कांग्रेसियों ने आज बुलाई भागीरथपुरा की समस्या पर बैठक

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आज भागीरथपुरा से जुड़े अपने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक निगम नेता प्रतिपक्ष कार्यालय में शाम 6 बजे बुलाई है। चौकसे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेसियों से पूरे भागीरथपुरा मामले की जानकारी ली जाएगी। दूषित पानी तो कहीं नहीं आ रहा है और जो पूर्व में दूषित पानी से बीमार होकर स्वस्थ हुए उनकी अभी क्या स्थिति है। सड़क निर्माण, नर्मदा लाइन डालने, ड्रेनेज काम की क्या स्थिति है। इन सभी कांग्रेसियों से जाना जाएगा कि भागीरथपुरा में क्या क्या समस्या है और समस्याओं के आधार पर ही कांग्रेस अगला कदम उठाएगी और जरूरत पड़ी तो पहले उसकी जानकारी अधिकारियों को दी जाएगी और बाद में धरना प्रदर्शन भी किया जा सकता है।

# तरबूज से मौत की खबरों से बिक्री गिरी

## मुंबई, श्योपुर की घटना का दिख रहा असर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गर्मी में तरबूज पसंद किया जाता है, कई घरों में तो इसका रोजाना सेवन होता है। आमतौर पर बच्चों से लेकर बड़ों तक को तरबूज पसंद होता है, लेकिन इन दिनों तरबूज की बिक्री कम हो गई है। तरबूज से मौत की खबरों के कारण यह असर दिख रहा है।

इन्दौर सहित प्रदेश में कई जगह तरबूज की बिक्री घट गई है। शहर के कुछ ठेला व्यापारियों ने बताया कि शुरुआत में तरबूज महंगा मिल रहा था तब भी बिक रहा था लेकिन अब सस्ता होने के बावजूद बिक्री कम हो गई है। उल्लेखनीय है कि मुंबई में एक परिवार के चार लोगों की बिरयानी और तरबूज खाने के बाद मौत हो गई थी जिसकी रिपोर्ट में तरबूज में केमिकल पाया था। इधर एक मामला श्योपुर का भी सामने आया था, हालांकि इन मामलों में मौत तरबूज से हुई है यह जांच जारी है लेकिन सोशल मीडिया पर इन मौतों को तरबूज खाने से बताया गया जिसके बाद तरबूज को लेकर आम लोगों में डर बना हुआ है। लोगों में शंका भी है। तरबूज बेचने वाले दुकानदार ने बताया कि जो लोग खरीद रहे है वे भी अलग-अलग प्रश्न पूछते है।

# जिंसी की सड़क का रास्ता 3 महीने के लिए बंद

## निगम ने कहा इस अवधि में चलेगा सड़क निर्माण का काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा जिंसी चौराहे से महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा की तरफ जाने वाले रास्ते को 3 महीने के लिए बंद कर दिया गया है। निगम की ओर से कहा गया है कि इस अवधि में इस रास्ते पर सड़क का निर्माण कार्य तेज गति से चलेगा।**

नगर निगम द्वारा सारे शहर में मास्टर प्लान में प्रावधान की गई सड़क के निर्माण का कार्य करने की कोशिश की जा रही है। इस कोशिश के तहत नगर निगम के द्वारा जिंसी चौराहे से लेकर महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक की सड़क को भी 60 फीट की चौड़ाई में बनाया जाना है। इस सड़क का निर्माण करने के लिए नगर निगम के द्वारा 100 से ज्यादा मकानों के सड़क की चौड़ाई में आ रहे निर्माण को तोड़ने का काम पिछले दिनों किया गया है। यह सभी निर्माण तोड़े जाने के बाद अब निगम की ओर से सड़क निर्माण के काम को शुरू करवाया जा रहा है। इसके लिए निगम के द्वारा आज से 3 महीने के लिए इस सड़क को वाहनों के आने-जाने से बंद कर दिया गया है।

निगम की ओर से यह दावा किया गया है कि आज से ही इस सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ऐसे में जब सड़क का निर्माण चलेगा तो वहां से गाड़ियों का आना-जाना नहीं हो सकता है। यदि गाड़ियां चलेगी तो सड़क निर्माण करने में दिक्कत आएगी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा आज से 3 महीने के लिए इस सड़क पर यातायात बंद कर दिया गया है। निगम की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए कहा गया है कि इस मार्ग से आना-जाना करने के इच्छुक नागरिक वैकल्पिक मार्ग से अपने कार्य को करें। इसके लिए निगम द्वारा नागरिकों को क़ंदीलपुरा से होकर आना-जाना करने का सुझाव भी दिया गया है। इसके अतिरिक्त नागरिकों से यह भी कहा गया है कि वह वैकल्पिक रूट से होकर वायरलेस चौराहे के माध्यम से भी आना-जाना कर सकते हैं। निगम द्वारा नागरिकों को सऊदी में सहयोग करने के लिए कहा गया है।

# चोइथराम मंडी में चाकूबाजी, चार कर्मचारी घायल, दो की हालत गंभीर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित चोइथराम मंडी में बुधवार देर रात चाकूबाजी की वारदात हो गई। तीन से अधिक बदमाशों ने चार कर्मचारियों पर हमला कर दिया, जिसमें सभी घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घायल अरुण निवासी राजा रानी नगर, सुनील, रंजीत और सूरज मंडी की दुकान नंबर-1 पर काम करते हैं। देर रात सभी कर्मचारी फलों से भरे वाहन खाली कराने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान मंडी गेट के पास बने सार्वजनिक शौचालय के पास अंधेरे में बैठे बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। सुनील द्वारा रुपए देने से इनकार करने पर बदमाशों ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। उसे बचाने पहुंचे अन्य तीन साथियों पर भी ताबड़तोड़ चाकू से वार किए गए, जिससे चारों घायल हो गए। घटना के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर अहिरखेड़ी क्षेत्र के बताए जा रहे हैं, जो मंडी इलाके में पहले भी लूटपाट और वसूली जैसी वारदातों में सक्रिय रहे हैं। पुलिस ने कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

# धूं-धूं कर जल उठी सडक किनारे वैन मैचिंग सेन्टर में भी लगी आग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एमआर ब्रिज के समीप खड़ी वैन में आग लग गई। आग के कारण वैन पूरी तरह जल गई। सूचना मिलने पर दमकल मौके पर पहुंची और करीब 3 हजार लीटर पानी बहाकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि मौके पर वैन मालिक भी नहीं था। इधर परदेशीपुरा क्षेत्र में एक कपडा मैचिंग दुकान में आग लगी आग की चपेट में आने से सिलाई मशीन और अन्य सामान जल गया। यशोदा द्वार के सामने रोमित राजेश रामपुरिया के कपडे और मैचिंग सेन्टर में आग लगी थी। दमकल ने 1 हजार लीटर पानी बहाकर आग पर काबू पाया।

# ईद पर आज सुबह पहले हुई नमाज और फिर चला कुर्बानी का दौर

## मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





मीठी ईद के करीब दो माह बाद आज मुस्लिम समाजजन बड़ा पर्व ईद-उल-अजहा मना रहे हैं। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों की मस्जिदों में सुबह की नमाज के बाद आज ईद की विशेष नमाज अदा की गई। ईद की नमाज के बाद एकदूसरे को ईद की मुबारकबाद भी दी गई। नमाज और मुबारकबाद के बाद आज कुर्बानी का दौर भी चलता रहा। जिसके यहां कुर्बानी नहीं होगी वहां निकट के लोग कुर्बानी के बाद सामग्री का वितरण करते हैं। तीन दिनों तक मुस्लिम समाजजन यह ईद का पर्व मनाएंगे। एक-दूसरे के घरों पर भी पहुंचेंगे। आज सुबह सदर बाजार, खजराना, आजाद नगर और छोटी ग्वालटोली ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की गई, सबसे पहले छोटी ग्वालटोली पर आज बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजनों की मौजूदगी में ईद के बड़े पर्व की नमाज अदा हुई। शहर काजी डॉ. इशरत अली राजमोहल्ला से बग्घी में सत्यनारायण सलवाड़िया के साथ सदर बाजार ईदगाह पहुंचे और नमाज अदा कराई। शहर काजी ने सभी मस्जिद के इमामों से कहा था कि वे अपने-अपने क्षेत्र के समाजजनों को निर्देशित करें कि कुर्बानी के बाद के वेस्ट को इधर-उधर नहीं डाले। वेस्ट के लिए आज गाड़ियां भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पहुंच रही है।

इधर आज सुबह से सभी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में थाना की पुलिस के अलावा विशेष पुलिस बल भी बतौर सुरक्षा लगाया गया है। चाकचौबंद व्यवस्था पुलिस की रात तक रहेगी।



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आज मुस्लिम समाज अपना दूसरा बडा पर्व बकरी ईद मना रहा है। आज सुबह से सभी मस्जिदों में अलग-अलग समय नमाज अदा की गई।

### बग्घी में शहरकाजी को ले जाया गया ईदगाह

## नमाजियों ने गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का किया समर्थन

शहरकाजी डॉ. इशरत अली को बग्घी में ले जाने के लिए रिज़र्व फोर्स के संयोजक सत्यनारायण सलवाडिया घर पहुंचे और वहां से सलवाडिया ने शहरकाजी को ससम्मान परम्परागत रूप से सदर बाजार ईदगाह पहुंचाया जहां शहरकाजी ने ईद की नमाज अदा करवाई। सलवाडिया ने बताया कि 50 वर्षों से चली आ रही सांप्रदायिक सद्भावना की परंपरा के अनुसार नमाज के लिए शहर काजी को ससम्मान उनके निवास राजमोहल्ला से ईदगाह ले जाया गया जहां नमाज के पश्चात वापस उनके निवास स्थान पर छोडा गया। इस दौरान सत्यनारायण सलवाडिया, नारायणसिंह यादव, प्रहलाद शर्मा, अरुण माहेश्वरी, जौहर मानपुरवाला, जितेंद्र रावरिया, अशोक देवड़ा, धर्मेंद्र ठाकुर, विकास जोशी उपस्थित थे। सदर बाजार ईदगाह पर शहर काजी ने गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की बात कही तो नमाजियों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। शहर काजी ने कहा कि सभी लोग गाय का सम्मान करें।

# प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं दी जाए

### वक्फ बोर्ड ने जारी किए निर्देश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने बताया कि इदुल अजहा पर्व पर प्रदेश भर में निर्देश जारी किए गए है और इसकी जानकारी बोर्ड ने सभी जिला कलेक्टर को भेजी है। कुरबानी के समय दीवार, टीन शेड की जगह का ही उपयोग किया जाए, दवाईयों का छिड़काव भी किया और फिर सफाई करवाई जाएं, यह कुरबानी चयनित स्थलों पर ही हो, कुरबानी के बाद ढंककर स्थान तक ले जाया जाए, अनुपयोगी चीजों को सुरक्षित स्थानों पर ही दिया जाए या रखवाया जाए, प्रतिबंधित जानवरों की कुरबानी किसी भी सूरत में न करें एवं सरकारी आदेशों का पूरी तरह से पालन करें। कुरबानी का कोई वीडियो/ऑडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल न करें।

# पानी की टंकी के लिए रानी सती कॉलोनी में प्रदर्शन

## टंकी का निर्माण रोकने वाले परिवारों पर कार्रवाई की मांग




इंदौर। रानी सती कॉलोनी और उसके आसपास में रहने वाले लोगों के द्वारा आज पानी की टंकी के निर्माण क़ी मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इन लोगों ने टंकी के निर्माण में बाधक बन रहे परिवारों पर कार्रवाई करने की भी मांग की।

नगर निगम के द्वारा रानीसती कॉलोनी क्षेत्र में नई पानी की टंकी के निर्माण का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान के अनुसार नगर निगम के द्वारा जब टंकी के निर्माण के लिए कार्रवाई की जाने लगी तो वहां पर रहने वाले लोगों के द्वारा इसका विरोध किया गया। वहां पर दो परिवार ऐसे हैं जिनके द्वारा न्यायालय से स्थगन लाकर अपने निर्माण को नहीं हटाने दिया गया। इन दोनों परिवारों के द्वारा टंकी के निर्माण का मैदानी विरोध किया जा रहा है। इस स्थिति से रानी सती कॉलोनी क्षेत्र के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन नागरिकों का कहना है कि टंकी का निर्माण हो जाएगा तो हम लोगों को प्रेशर के साथ अच्छा पानी मिल सकेगा।

इस क्षेत्र के नागरिकों की यह शिकायत है कि अभी उनके घरों में जो नल आता है उसमें प्रेशर से पानी नहीं आता है। बहुत ही धीमी गति के साथ पानी आता है जिसके चलते हुए नल में पानी आने के बावजूद इन्हें पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में लोगों का मानना था कि यदि टंकी का निर्माण हो जाएगा तो इस समस्या का समाधान हो जाएगा और उन्हें अच्छे प्रेशर के साथ पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इसी मकसद से लोगों के द्वारा प्रदर्शन किया गया और टंकी के निर्माण में बाधक बन रहे परिवारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

यह प्रदर्शन पूरी तरह से नागरिकों का था और इसमें नागरिक ही शामिल थे। नेता नगरी इस प्रदर्शन से गायब थी। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी एवं एमआईसी सदस्य क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया मौजूद थे।

# इंदौर के भूजल को बढ़ाने में ट्रीटेड वॉटर की हो सकती महत्वपूर्ण भूमिका

### 2018 से अब तक नालो में बहाया जा रहा था ट्रीटेड वाटर, क्योंकि बड़ी मात्रा में नहीं होता था उपयोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर में हर साल गहराते भूजल संकट के बीच अब ट्रीटेड वॉटर को भूजल बढ़ाने के बड़े विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। नगर निगम और जल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से निकलने वाले पानी का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग किया जाए, तो आने वाले वर्षों में शहर के जलस्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है।**

> **इंदौर के पास हर दिन 300 एमएलडी ट्रीटेड वॉटर, उपयोग केवल 40 एमएलडी का भी नहीं हो रहा**

इंदौर शहर में प्रतिदिन दिन निकलने वाले लगभग 390 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) सीवरेज वाटर को ट्रीट करने के बाद वर्तमान में शहर में प्रतिदिन करीब 300 एमएलडी ट्रीटेड वॉटर तैयार हो रहा है, लेकिन इसका उपयोग 40 एमएलडी तक भी नहीं पहुंच पा रहा। बीते 7 सालों से नगर निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कबीटखेड़ी पर इस पानी को ट्रीट किया जा रहा है लेकिन उपयोग नहीं होने के कारण इसे पास ही के खुले नाले में बहा दिया जाता है। साल 2018 से लगातार नालों और खान नदी में करोड़ों लीटर ट्रीटेड पानी बहाया जा चुका है, क्योंकि जितनी किल्लत इस बार पानी की शहर में हो रही है ऐसी इतिहास में अब तक नहीं हुई। सूखे हुए बोरिंग ने पानी का संकट और बढ़ा दिया है जिसके कारण से अब ट्रीटेड पानी के भरपूर उपयोग को महत्व दिया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारी भी अब यह समझ रहे हैं कि ट्रीटेड पानी के उपयोग से शहर का एक बड़ा वेस्ट होने वाला पानी का हिस्सा सुरक्षित किया जा सकता है और इससे शहर को जल में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि शहर में स्थापित एसटीपी प्लांट घरेलू सीवेज को ट्रीट कर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी तैयार कर रहे हैं। यह पानी औद्योगिक उपयोग, गार्डन सिंचाई, निर्माण कार्य और भूजल रिचार्ज के लिए उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पर्याप्त योजना नहीं होने से इसका अधिकांश हिस्सा बेकार जा रहा है।

### नई योजना पर मंथन

नगर निगम अब इस पानी के बेहतर उपयोग के लिए नई कार्ययोजना तैयार कर रहा है। इसके तहत बड़े गार्डनों, औद्योगिक क्षेत्रों और निर्माण परियोजनाओं में ट्रीटेड वॉटर की अनिवार्य सप्लाई पर विचार किया जा रहा है। साथ ही, रिचार्ज संरचनाओं के माध्यम से पानी को जमीन में उतारने की योजना भी बनाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि शहर के सभी उद्यानों में अब ट्रीटेड पानी का उपयोग अनिवार्य किया जाएगा। बोरिंग के पानी का उपयोग गार्डन में नहीं हो इसके लिए एक सिस्टम तैयार किया जाएगा। जल संकट खत्म होने के बावजूद भी हम टैंकरों के माध्यम से शहर के उद्यानों में ट्रीटेड वॉटर प्रतिदिन पहुंचाने का काम करेंगे ताकि ग्राउंड वाटर का दोहन नहीं हो। जहां एसटीपी प्लांट बनाए गए हैं वहां के सभी गार्डन को सीवरेज ट्रीटेड वॉटर की पाइपलाइन डाली जाएगी। इसके अलावा शहर के सभी वॉशिंग सेंटरों को अनिवार्य रूप से ट्रीटेड वॉटर ही लेना होगा आगामी एक सप्ताह में इस पर सख्ती और अधिक बढ़ाई जाएगी,

### पर्यावरण को बचाने में सहायक

पर्यावरणविदों ओ पी जोशी ने बताया ट्रीटेड पानी की अनिवार्यता न केवल भूजल संकट कम करेगी, बल्कि खान नदी और अन्य नालों में प्रदूषण घटाने में भी मददगार साबित होगी। यदि इस पानी को शहर के सूखते तालाबों, स्टॉप डैम और रिचार्ज कुओं तक पहुंचाया जाए, तो भूजल स्तर तेजी से सुधर सकता है।

# कोठारी मार्केट से रानीपुरा की सड़क पर लग गया जाम

## एक भी पुलिस वाला नहीं, घंटे भर तक उलझे रहे वाहन, लोगों ने किया प्रयास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कल शाम को जब यातायात का पिक टाइम चल रहा था उस समय पर कोठारी मार्केट से रानीपुरा की सड़क पर जाम लग गया। गाड़ियां घंटे भर तक सड़क पर उलझी रही। पूरे क्षेत्र में एक भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। लोगों ने खुद जाम को सुलझाने की कोशिश की।**






कोठारी मार्केट चौराहा से सीधे रानीपुर की तरफ जाने वाली सड़क पर कल शाम को करीब 7:00 बजे जाम लग गया। बड़ी संख्या में लोडिंग गाड़ियां और रिक्शा एक दूसरे से जल्दी और आगे निकलने की कोशिश में इस तरह से उलझे की बाकी सभी गाड़ियों के लिए भी आने जाने का रास्ता बंद हो गया। इस जाम के कारण सभी गाड़ियों के पहिए थम गए। गाड़ियों की कतार कोठारी मार्केट चौराहे तक लग गई थी तो दूसरी तरफ ताले वाले की प्रसिद्ध दुकान के आगे तक गाड़ियां ही गाड़ियां थी।

हालात ऐसे हो गए थे कि एक भी गाड़ी थोड़ी सी भी आगे बढ़ने या पीछे हटने की स्थिति में नहीं थी। इस मार्ग पर आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम के पास में स्थित ट्रैफिक सिग्नल वाले चौराहे पर ही गाड़ियां गुत्थम गुत्था हो गई थी। इस जाम में पुलिस की भी तीन गाड़ियां फंसी हुई थी। बहुत सारी गाड़ी के चालक लगातार हार्न बजा रहे थे। वे यह उम्मीद कर रहे थे कि उनके द्वारा हॉर्न बजाए जाने के कारण उन्हें रास्ता मिल जाएगा और वह आगे की तरफ चल पड़ेंगे। ऐसा होना संभव नहीं था और हो भी नहीं सका।

पूरे मार्ग पर कहीं भी एक पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। ऐसे में गाड़ियों के इस जाम को खत्म करने की स्थिति भी नहीं बन पा रही थी। क्षेत्र के जागरूक लोग यातायात को संभालने के लिए सड़क पर निकल कर आएं। इसके साथ ही जाम में फांसी गाड़ियों में बैठे लोग भी यातायात को संभालने और गाड़ियों को निकालने के लिए सड़क पर निकल कर आएं। इन लोगों के द्वारा बहुत देर तक कोशिश किए जाने के बाद कहीं जाकर करीब 8:30 बजे यह जाम खुल सका।

### व्यापारी हो गए परेशान

इस ट्रेफिक जाम के कारण व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस सड़क पर जाम लगने से आबकारी कंट्रोल रूम से एमटीएस कंपाउंड जाने वाले रास्ते पर भी गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। ऐसे में लोगों ने वैकल्पिक मार्ग पकड़कर जाने की कोशिश की। कुछ लोग कोतवाली थाने के सामने से गाड़ी लेकर महारानी रोड की तरफ गए तो वहां भी यातायात की स्थिति खराब ही थी।



# वृंदावन कॉलोनी में मकान पर गिर गया पेड़ महिला घायल

**इंदौर।** महेश गार्ड लाइन क्षेत्र में स्थित वृंदावन कॉलोनी में आज सुबह एक पेड़ गिर गया। यह पेड़ एक मकान पर गिरा। इसके कारण मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही मकान में बैठी हुई एक महिला घायल हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सुबह-सुबह हलचल मच गई। लोगों का कहना था कि जिस स्थान पर पेड़ गिरा है उस स्थान पर 8:00 बजे के बाद तो बड़ी संख्या में मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले लोग भी बैठे रहते हैं। यह पेड़ जल्दी गिर जाने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यदि यह पेड़ एक-दो घंटे बाद गिरता तो बड़ी घटना हो सकती थी। जिस मकान पर यह पेड़ गिरा वह मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

# निगम ने छावनी रोड पर जीवित छोड़ा उसके लिए लगाया धन्यवाद का पोस्टर




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



मधुमिलन चौराहा से आरएनटी मार्ग होते हुए छावनी और आगे धर्मशाला तक चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। कई मकानों को तोड़ा गया, कुछ मकान मालिकों ने आरोप लगाया कि निर्धारित से भी ज्यादा मकान उनका तोड दिया गया है। इधर लोग रात को इस रोड के तोड़फोड़ की हालत देखने पहुंच रहे हैं। मकान के बाहर पड़े छोटे-मोटे लोहे के टुकड़े बीनने वाले पहुंच रहे हैं। निगम देर सवेर मलबा भी उठा रहा है। इधर रहवासियों ने मकान के बाहर एक पोस्टर लगा रखा है जिसमें लिखा है जीवित छोड़ देने के लिए नगर निगम और प्रशासन का धन्यवाद, बकायदा इस पोस्टर पर हाथ जोड़ने का चित्र भी लगा हुआ है, यह पोस्टर आकर्षण का केन्द्र बना हुए हैं।

# ट्रांसपोर्टर ने मूल्य वृद्धि के लिए भेजने शुरू किए पत्र

## फोन भी घनघनाए जा रहे हैं

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** लाजिस्टिक कम्पनियों और ट्रांसपोर्ट मालिकों ने लगातार डीजल वृद्धि के बाद अब भाड़ा बढ़ाने के लिए ट्रांसपोर्ट से जुडी बड़ी कम्पनियों को पत्र प्रेषित करना शुरू कर दिया है। पत्र में डीजल मूल्य वृद्धि के साथ वाहन बीमा राशि बढ़ने, ड्रायवर का वेतन बढ़ने, तौल टैक्स लगने, टायर, लेबर खर्च महंगे होने का भी पत्र में जिक्र किया गया है। जिन कम्पनियों से रोजाना काम पड़ता है, उनके यहां पत्र भेजने के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी डाल दी गई है और ट्रांसपोर्टरों ने फोन लगाना भी शुरू कर दिया है। पत्र में डीजल पेट्रोल के अलावा खासतौर से लेबर खर्च भारी भरकम बढ़ने का भी जिक्र है, यह भी लिखा गया कि वर्तमान परिस्थितियों में पूर्व निर्धारित दरों पर परिवहन कार्य करना कठिन कार्य हो चुका है। इससे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय नुकसानी की ओर जा रहा है। कुछ ट्रांसपोर्टरों ने 30 मई तक परिवहन दरों में वृद्धि की स्वीकृति मांगी है, अब ट्रांसपोर्ट की ओर से छोटे व्यापारियों को भी फोन लगाए जा रहे है और मूल्य वृद्धि 1 जून से बढ़ाने की बात भी कही जा रही है।

# पार्सल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बढ़ाया 20 प्रतिशत भाड़ा

## 1 जून से होगी परिवहन भाड़ा में वृद्धि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ पार्सल ट्रांसपोर्ट एवं फ्लीट ऑनर ने बैठक कर बड़ी हुई डीजल वृद्धि के बाद 1 जून से 20 प्रतिशत परिवहन भाड़े में वृद्धि की घोषणा की है। डीजल वृद्धि के बाद आपात बैठक एसोसिएशन ने की और यह तय हुआ कि सभी प्रकार के परिवहन भाड़े में 20 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि पहले ही परिवहन उद्योग चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है। एक तरफ डीजल के मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि, दूसरी तरफ लेबर की समस्या, तीसरी तरफ टायर, स्पेर्स पार्ट्स, टोल, बीमा, वाहन और अन्य रखरखाव खर्च सब महंगे हो गए हैं और जब सीजन होता है तब लेबर और ज्यादा महंगी हो जाती है। जिससे समग्र परिचालन लागत नियंत्रण से बाहर हो रही है। सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि संशोधित दरें 1 जून से सभी कंपनी, डिपो, सी एंड एफ एजेंट, डिस्ट्रीब्यूटर एवं व्यापारिक संस्थाओं पर लागू होंगी। इस मामले में सभी कम्पनी, डिपो, सीएंडएफ एजेंट, डिस्ट्रीब्यूटर और व्यापारियों से भी आग्रह किया गया है कि वे वर्तमान में डीजल वृद्धि के बाद इन दरों की वृद्धि में सहयोग करें।



# रहवासी संघ की महिलाओं का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मंगल मूर्ति महिला मंडल की मातृशक्तियों ने खलघाट सोलर घाट पर पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा आराधना कर चुनरी चढ़ाई। अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बताया कि रहवासी संघ में भी रोजाना सुबह आयोजन हो रहा है। धार्मिक आयोजन में सुधा खण्डेलवाल, अनिता पाटीदार, ललिता वर्मा, साधना पटेल, माया गोर, गीता व्यास, कीर्ति पाटीदार, ममतेश शर्मा, कुसुम मौर्य, शीला लोधी, चन्दा खण्डेलवाल, लक्ष्मी पाटीदार, आशा गर्ग, सन्तोष सोमानी, विनीता पाटीदार, छाया पावर, राधा चौहान, पार्वती पाटीदार, उषा पाटीदार मौजूद थी।



# संगीत निशा का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मन लहरी म्यूजिकल ग्रुप के आयोजन में गीतों की प्रस्तुति प्रीतमलाल दुआ सभागृह में दी गई। अतिथि दिलीप राजपाल, डॉ विजय सालगिया, किशन भालसे थे। मनोज यादव ने उक्त जानकारी दी।

# ठुमका लगाने के गीत पर झूम उठे दर्शक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** झंकार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रीतम लाल दुआ सभागृह में गीत संगीत का आयोजन किया गया। गायक गायिकाओं ने एक के बाद एक गीतों की प्रस्तुति दी। गीत यूपी वाला ठुमका लगाई के पर सभागृह के सभी श्रोता लोग झूम उठे। कार्यक्रम में पायल सोलंकी, बाबू राजोरिया, सोनू डालर ने अपनी भूमिका निभाई।

# कलेक्टर वर्मा का शॉल भेंट कर किया सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

फेम इंडिया एवं एशिया पोस्ट सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश के सर्वश्रेष्ठ कलेक्टरों में चयनित होने पर इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा का सम्मान अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण परिषद, मध्यप्रदेश इकाई द्वारा किया गया। सुधीर सेठिया, उमेश पारीख, ओम प्रकाश वर्मा, राजेंद्र बावेल, विजय चौहान ने वर्मा को शॉल से सम्मानित किया।



# रजत तुलसी पत्र से नृसिंह भगवान की सहस्त्र अर्चना

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नरसिंह बाजार स्थित नरसिंह मंदिर में लक्ष्मी नरसिंह भगवान की रजत तुलसी पत्र से सहस्त्र अर्चना हो रही है। पुजारी पंडित छोटेलाल शर्मा ने बताया पुरुषोत्तम मास में चल रहे मासिक अनुष्ठान में नागोरिया पीठाधिपति स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य जी महाराज , यतिंद्राचार्य जी महाराज ने विशेष रूप से पधारकर प्रभु की आरती उतारी और भक्तजनों को आशीर्वाद दिया। आचार्य मोहित शर्मा, कृष्णा नेमा, मोहित कश्यप, पम्मी चौहान, आदित्य शास्त्री, लालू नीमा, नितिन नामदेव ने अपनी भूमिका निभाई।

# एसएसटीडी के कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने एसएसटीडी अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी 15 जिलों के अधीक्षण यंत्रियों एवं एसटीसी प्रभारियों से चर्चा कर अपने अपने क्षेत्र के कार्य समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। एनएचआई, रेलवे, वन विभाग से अनुमति समय पर प्राप्त कर कार्य की प्रगति के लिए निर्देशित किया गया। सिंह ने कहा कि नए ग्रिड, 33 केवी लाइन, 11 केवी लाइन, ट्रांसफार्मर, पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि इस तरह के कार्यों से लाखों उपभोक्ताओं के लिए और ज्यादा गुणवत्ता के साथ बिजली मिलेगी। इस अवसर पर अधिकारी एसएल करवाड़िया, अचल जैन, संजय मालवीय, सुनील पटौदी, अजयपाल सिंह अवास्या, राजेश माहौर, आरबी दोहरे, डीके गाठे, विनोवा तिवारी मौजूद थे।

# गर्मी में रोका रिक्शा तोड़े जामुन



**इंदौर।** इन दिनों गर्मी सबाब पर है और इस गर्मी के सीजन में जामुन का आना भी शुरू हो गया है। अगर किसी पेड़ पर जामुन लटकता दिख जाए, तो रिक्शा चालक भी अपना काम छोड़कर जामुन खाने के लिए तोड़ता नजर आए तो बड़ी बात नहीं है। ऐसा ही रिक्शा चालक ने रिक्शा रोककर ललचाती जुबान के लिए जामुन तोड़ा और फिर उसका सेवन भी किया।

**फोटो निलेश वर्मा**

# अभिभाषकों के परिजनों को मृत्यु-दावा धनराशि तत्काल दिलवाई जाए

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना- 2012 के अन्तर्गत दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को एक लाख रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। लेकिन विगत दो-वर्षों में दिवंगत हुए अभिभाषकों के परिजनों को यह धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से अभी तक प्राप्त नही हुई है। इससे दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि अब अभिभाषकों की मृत्यु के बाद उसके नामिनी/परिजनों को मृत्यु दावा धनराशि के रूप में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा ढ़ाई लाख रुपए 250000/- रूपए और मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत 250000/- ढ़ाई लाख रुपए दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को प्रदान किए जाएंगे। वर्ष 2019 से मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने तो दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों / नामिनी को ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रुपए ) प्रदान करना शुरू कर दिया है, लेकिन मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना 2012 के अन्तर्गत मात्र एक लाख रुपए ही प्रदान किए जा रहे है जिसे वर्ष 2018 में की गई घोषणा के अनुसार बढ़ाकर ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रूपए) किये जाने की तीव्र आवश्यकता है। लेकिन विगत दो वर्षों से आवेदन करने वाले सैकड़ों अभिभाषकों के नामिनी /परिजनों को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रदान की जाने वाली ढ़ाई लाख रुपए की धनराशि तो प्राप्त हो गई है, लेकिन मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से प्राप्त नही हो सकी है।

# गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में विस्थापितों को बसाने का विरोध

## रहवासियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में विस्थापितों को बसाने के निर्णय के खिलाफ स्थानीय रहवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। रहवासियों ने आईडीए कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। रहवासियों का कहना है कि यदि प्राधिकरण ने अपनी मनमानी नहीं रोकी, तो वे चरणबद्ध तरीके से भूख हड़ताल और पुतला दहन जैसे उग्र प्रदर्शन करेंगे। 'अमलतास' का विकल्प, कानूनी पेच की आशंका रहवासी संघ के अनुसार, एलआईजी श्रेणी के गुलमोहर कॉम्प्लेक्स में कुल 334 फ्लैट्स में से केवल 90 खाली हैं, जिनका आकार 667 वर्ग फीट है। इसके विपरीत, विस्थापित होने वाले परिवारों की संख्या 200 से अधिक है। ऐसे में सभी को यहाँ समायोजित करना असंभव है, जिससे भविष्य में कानूनी विवाद खड़ा होगा। रहवासियों ने विकल्प सुझाया कि पास ही नवनिर्मित अमलतास कॉम्प्लेक्स में 450 फ्लैट खाली पड़े हैं, जो 550 वर्ग फीट के हैं। यह बहुमंजिला इमारत पूरी तरह नई और खाली है, जो पुनर्वास के लिए हर लिहाज से उपयुक्त है। सीईओ ने इस सुझाव पर विचार करने का आश्वासन दिया है। सूत्रों के अनुसार, सिंहस्थ के मद्देनजर एमआर-11 और एमआर-12 रोड के निर्माण के लिए राजनेताओं के दबाव में यह कार्रवाई की जा रही है।

# जैन संत नित्यसेन सूरीश्वर के चातुर्मास को लेकर तैयारियां शुरू

## रविवार को चढ़ावे की जाजम और साधारण सभा भी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

त्रिस्तुतिक सम्प्रदाय के गच्छाधिपति नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. आदि साधु-साध्वी वृन्द का चातुर्मास इस वर्ष केसर वाटिका बिजासन रोड पर होगा। 19 जुलाई को संतों का बड़ा मंगल प्रवेश भी होगा। इस बड़े आयोजन को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। रविवार 31 मई को प्रातः 9:15 बजे कुंवर मंडली स्थित श्री राजेंद्र आराधना भवन में साधारण सभा और चढ़ावे की जाजम आयोजित की जाएगी। पहले 8.30 बजे नवकारसी होगी उसके बाद चढ़ावे की जाजम होगी। राजेश जैन युवा, नीरज सुराणा ने बताया कि जाजम के बाद साधारण सभा और फिर भोजन रखा गया है। यह चातुर्मास राजेंद्र सूरीश्वरजी म.सा. के जन्म के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समर्पित रहेगा। चातुर्मास के लिए केसर वाटिका में बड़ा प्रवचन पांडाल, साधु-संत निवास और भोजनशाला के लिए कार्य भी शुरू हो चुका है। अलग-अलग स्थानों पर डोम और अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही है। राजेश जैन युवा, धनराज संघवी, महेन्द्र बागवाला ने बताया कि देशभर के 300 से अधिक श्रीसंघों से लगभग 5,000 श्रद्धालु बाहर से तथा इंदौर सकल समाज से मंगल प्रवेश के अवसर पर 10000 श्रद्धालु, कुल लगभग 15,000 श्रद्धालु एवं चतुर्विध संघ गुरु भगवंतों की अगवानी करेंगे। वहीं संपूर्ण चातुर्मास अवधि में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। गच्छनायक का 26 वर्षों पश्चात इंदौर में चातुर्मास होने से समाज में विशेष उत्साह है। समितियों का गठन भी किया गया है जिनमें दिनेश मेहता, अनिल सकलेचा, राजेन्द्र पारेख, प्रभात जैन, मनोज पोरवाल, नरेन्द्र राठौर को अलग-अलग दायित्व दिए गए है। सोहनलाल पारेख, शशिकांत सकलेचा, नरेन्द्र बोहरा ने जैन समाजजनों से चातुर्मास और पूर्व से ही जुडने की अपील की है।






## क्लिनिक पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर में स्वास्थ्य विभाग ने बिना वैधानिक अनुमति संचालित किए जा रहे होम्योपैथिक क्लिनिक के खिलाफ कार्रवाई की है। जंजीरवाला चौराहा क्षेत्र में अधिकारी डॉ. रुपेन्द्र पटेल, हुकुमचंद ने क्लिनिक पर पहुंचकर जांच की। जांच पूरी होने तक क्लिनिक को बंद रखने के निर्देश भी दिए गए है। इस मामले में विजय कौशिक ने शिकायत भी की थी।

## पाल समाजजन वाहन रैली के साथ पहुंचेंगे मां अहिल्या प्रतिमा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मां अहिल्या की जयंती 31 मई को श्रीपाल गडरिया धनगर समाज के विभिन्न सामाजिक संगठन बड़ी तादाद में शामिल होंगे। पाल समाज के युवाओं की विभिन्न क्षेत्रों से वाहन रैली राजबाडा पहुंचेगी जहां से पैदल रैली भी निकाली जाएगी और मां अहिल्या की प्रतिमा पर पाल समाजजनों द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। क्रमलसिंह पाल, रामबाग पेट्रोल पम्प के सामने मंच लगाएंगें। मंच से राजेश पाल, दिलीप पाल, पंकज पाल, संजय पाल, कैलाश चौधरी, राम धीरज, जालमसिंह पाल, रामचंद्र धनगर गुर्जर मंच पर मौजूद रहेंगे। मंच पर सुबह समाजजनों और अतिथियों का तिलक लगाकर सम्मान किया जाएगा। पोहा और ठण्डा जल का वितरण भी होगा।

## 1100 पुष्प एवं तुलसी से भगवान की अर्चना की गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में 108 विद्वानों द्वारा महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 श्रीमद भागवत पारायण के दिव्य अनुष्ठान में बुधवार को पद्मिनी एकादशी के उपलक्ष्य में मठ स्थित भगवान पुरुषोत्तम, रणछोड़जी, पंचमुखी हनुमान, टीकमजी एवं हंसेश्वर महादेव सहित अन्य देवालयों पर 1100 पुष्प एवं तुलसी से पूजन-अर्चन किया गया। अधिकमास के उपलक्ष्य में पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा यह दिव्य अनुष्ठान किया जा रहा है जो 15 जून तक चलेगा। गौसेवा भी की जा रही है।





## 40 कॉलोनियों के श्रद्धालु ले रहे है धार्मिक लाभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मालवा मिल अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में अग्रवाल धर्मशाला पर भागवत कथा का रसपान सतीशचंद्र शर्मा के श्रीमुख से कल शुकदेव जन्म एवं अमरनाथ कथा प्रसंग का आयोजन किया। अग्रवाल समाजजनों ने 40 कालोनी से जुडे समाज के श्रद्धालुओं को निमंत्रण देकर आमंत्रित कर रखा है। अग्रवाल समाजजन कथा का रसपान का लाभ ले रहे है। श्यामा नरेश मित्तल, उषा-सुशील अग्रवाल, गोविन्द गर्ग, रामचरण अग्रवाल, कैलाश मित्तल, अरविन्द गोयल, प्रमोद अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग, उमेश मंगल, मोनिका पोत्दार, सुशील अग्रवाल, राजा अग्रवाल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया। आज कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिनी बैठक होगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट





अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक का आयोजन 30-31 मई को एबी रोड, राऊ चौराहा के आगे सिमचा आइसलैंड पर किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के सानिध्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल कुक्की (इंदौर) की अध्यक्षता में होने वाली इस दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ शनिवार 30 मई को दोपहर 1 बजे से होगा। बैठक में समाज से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार मंथन कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएँगे। इस मौके पर संगठन के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, सभी प्रदेशों के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति इंदौर के सभी पूर्व अध्यक्ष भी शामिल होंगे, जिनका राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश भारुका ने बताया कि बैठक में समाजहित से जुड़े अनेक ज्वलंत विषयों पर विचार मंथन तो होगा ही, संगठन द्वारा प्रस्तावित आगामी कार्यक्रमों और अन्य योजनाओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। मुख्यरूप से समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी इस बैठक में प्रस्ताव पारित किए जाएँगे। संगठन का प्रयास है कि भविष्य में अग्रवाल समाज के ज्यादा से ज्यादा लोगों को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर ऐसी रणनीति बनाई जाए कि समाज के शिक्षित, युवा और राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले बंधु आगे आएं। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय समितियों के संयोजकों की नियुक्ति, समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं, विभिन्न राज्यों में समाज को और अधिक संगठित और मजबूत बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार मंथन किया जाएगा। दो दिवसीय इस बैठक का समापन रविवार 31 मई को दोपहर 3 बजे होगा।

## रेडिसन लेफ्ट टर्न पर परेशानी





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रेडिसन चौराहे पर 'लेफ्ट टर्न' पर लोग रेड लाईट वापस हरी होने का इंतजार करने के बजाय रांग साइड से अपने वाहन तेज गति से निकाल रहे है जिससे दूसरे वाहन चालकों को दिक्कत आ रही है, कई बार दुर्घटनाएं घट रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान लेने पर भी पुलिसकर्मी ध्यान देकर इस रांग साइड में घुसने वाले लोगों का चालान बनाए तभी यह घटना रुकेगी। पुलिस और प्रशासन मौन है, शायद बड़े हादसे का इंतजार है। अतुल जैन द्वारा साझा की गई तस्वीर महज सबूत नहीं, बल्कि समाज के लिए एक चेतावनी हैं। क्या हम जागेंगे या किसी हादसे की फाइल में दब जाने का इंतज़ार करेंगे? सड़कें साझा हैं, सुरक्षा भी सामूहिक जिम्मेदारी है। वक्त है कि हम संवेदनहीनता की चादर फेंक, नियमों का सम्मान करना सीखें।

# भारी DISCOUNT देख तुरंत न खरीदें सामान सेल में खरीदारी से पहले जान लें ये बातें

**कपड़े,** जूते, बैग, मेकअप और स्किन केयर प्रोडक्ट्स खरीदते समय थोड़ी समझदारी जरूरी होती है। कई बार सस्ता सामान बाद में बेकार साबित होता है। आपको सेल में खरीदारी करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

कुछ लोग Sale या Discount का नाम सुनते या पढ़ते ही जरूरत से ज्यादा सामान खरीद लेते हैं। कपड़े से लेकर कॉस्मेटिक्स तक, सेल में खरीदारी करते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। कम कीमत के चक्कर में आप कुछ गलतियां कर सकते हैं। जिसका आपको बाद में पछतावा हो सकता है। हर डिस्काउंट फायदेमंद नहीं होता है। सस्ता देखकर तुरंत सामान खरीदने से बचना चाहिए। कई बार सस्ता सामान बाद में बेकार साबित होता है। स्मार्ट shopping का मतलब सिर्फ कम कीमत नहीं, सही चीज खरीदना भी है। ऐसे में आपको सेल में खरीदारी करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आइए जानें इसके बारे में।




### सिर्फ ट्रेंड देखकर न खरीदें

कई बार सेल में ऐसे फैशन ट्रेंड वाले कपड़े मिलते हैं जो कुछ महीनों बाद आउटडेटेड लगने लगते हैं। ऐसे कपड़े चुनने की कोशिश करें जिन्हें बार-बार पहन सकें। बेसिक रंग और आरामदायक फैब्रिक चुनें। मौसम के हिसाब से कपड़े खरीदें ताकि वे जल्दी इस्तेमाल हो सकें।

### ट्रायल जरूर करें

सेल में कई लोग ट्रायल किए बिना कपड़े खरीद लेते हैं। यह बहुत बड़ी गलती है। खरीदारी के समय फिटिंग चेक करें। हाथ उठाकर, बैठकर और चलकर देखें। बहुत टाइट या बहुत ढीले कपड़े बाद में इस्तेमाल नहीं होते हैं।

### कपड़े का फैब्रिक जांचें

कुछ कपड़े देखने में अच्छे लगते हैं लेकिन पहनने में असुविधाजनक हो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि बहुत पतला फैब्रिक तो नहीं है। कपड़ा ज्यादा पारदर्शी तो नहीं है या फिर कपड़ा जल्दी सिकुड़ने वाला तो नहीं है।

### रिटर्न पॉलिसी पढ़ें

सेल वाले कपड़ों पर कई बार रिटर्न या एक्सचेंज नहीं होता है। इसलिए सोच समझकर खरीदारी करें। खरीदने से पहले पूछें कि रिटर्न मिलेगा या नहीं। एक्सचेंज कितने दिन में होगा यह भी पता कर लें। अपना बिल संभालकर रखें।

### सेल में जूते खरीदते समय

जूते खरीदना शाम के समय सही माना जाता है। दिनभर चलने के बाद पैरों में हल्की सूजन हो सकती है। इस समय खरीदे गए जूते ज्यादा आरामदायक फिट हो सकते हैं।

### सिर्फ डिजाइन न देखें

बहुत भारी या हार्ड जूते पैरों में दर्द कर सकते हैं। ऐसे फुटवियर चुनें जिनके सोल आरामदायक हों। अंदर की सिलाई चुभने वाली न हो और ग्रिप ठीक हो।

## इनका रखें ध्यान

### एक्सपायरी डेट जरूर देखें

सेल में आपको पुराना स्टॉक भी मिल सकता है। इसलिए खरीदने से पहले एक्सपायरी और मैन्युफैक्चरिंग डेट चेक करें। बहुत कम बची एक्सपायरी वाले प्रोडक्ट न लें।

### स्किन टाइप के हिसाब से खरीदें

सिर्फ इन्फ्लुएंसर रिकमेंडेशन देखकर प्रोडक्ट न खरीदें। ऑयली स्किन, ड्राई स्किन और सेंसिटिव स्किनके हिसाब से प्रोडक्ट चुनें।

### टेस्टर इस्तेमाल करें

अगर संभव हो तो शेड और टेक्सचर चेक करें। फाउंडेशन, लिपस्टिक, कंसीलर खरीदते समय टेस्टर जरूर जांचें। बहुत कम कीमत वाले प्रोडक्ट की क्वालिटी खराब हो सकती है।

# क्या आप अंडरवेट हैं या ओवरवेट?

**आज** के समय में बढ़ता वजन लोगों की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चिंताओं में से एक बन गया है। कई लोग यह समझ ही नहीं पाते कि उनका सही या Ideal वजन कितना होना चाहिए।

सेहतमंद रहने और बीमारियों से बचे रहने के लिए शरीर का वजन संतुलित होना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग खुद को फिट तो समझते हैं, लेकिन वो यह नहीं जानते कि उनकी लंबाई के अनुपात में उनका वजन सही है या नहीं। कम वजन होना जहां कमजोरी और लो-इम्यूनिटी का संकेत हो सकता है, वहीं जरूरत से ज्यादा वजन होना डायबिटीज और हार्ट डिसीज जैसी गंभीर बीमारियों को दावत देता है। इस दुविधा को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सा संगठनों ने लंबाई के मुताबिक एक आदर्श वजन का पैमाना तैयार किया है। AIIMS और WHO के मानकों के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं के लिए उनकी लंबाई के मुताबिक एक स्वस्थ वजन का दायरा तय किया गया है।

भारत के प्रसिद्ध लिवर विशेषज्ञ के अनुसार, आज के समय में बढ़ता वजन लोगों की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चिंताओं में से एक बन गया है। कई लोग यह समझ ही नहीं पाते कि उनका सही या Ideal वजन कितना होना चाहिए। ऐसे में उन्होंने एक बेहद आसान तरीका बताया है, जिसकी मदद से कोई भी व्यक्ति अपना अनुमानित ईं वजन आसानी से जान सकता है। डॉ. सरीन का कहना है कि यह फॉर्मूला इतना सरल है कि सामान्य गणित समझने वाला व्यक्ति भी बिना किसी कठिनाई के इसे इस्तेमाल कर सकता है। सही वजन की जानकारी होने से लोग अपनी फिटनेस, डाइट और लाइफस्टाइल को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं। पुरुष अपने Ideal वजन का अंदाजा लगाने के लिए अपनी लंबाई (सेंटीमीटर में) में से 100 घटा सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर किसी पुरुष की हाइट 160 सेंटीमीटर है, तो उसका अनुमानित आदर्श वजन करीब 60 किलोग्राम माना जा सकता है। वहीं महिलाओं के लिए यह गणना थोड़ी अलग बताई गई है। महिलाओं को अपनी हाइट में से 105 घटाना चाहिए। यानी अगर किसी महिला की लंबाई 160 सेंटीमीटर है, तो उसका Ideal वजन लगभग 55 किलोग्राम माना जा सकता है।





# आलू के छिलके कचरे में फेंकने से पहले जान लें इस्तेमाल करने के ये 4 तरीके

***आलू के छिलकों को बेकार समझकर फेंकने की बजाय आप कई घरेलू कामों में इस्तेमाल कर सकते हैं। खाद बनाने से लेकर सफाई तक इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। आमतौर पर घरों में आलू का इस्तेमाल करने के बाद उसके छिलकों को बेकार समझकर लोग कचरे में फेंक देते हैं। हालांकि ज्यादातर लोगों को इस बात का पता नहीं होता है कि इन छिलकों को हम कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व और प्राकृतिक गुण सफाई से लेकर स्किन केयर तक कई कामों को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं।***

**अगर** आप भी किचन के वेस्ट को कम करते हुए रोजमर्रा के कामों को आसान बनाना चाहते हैं तो आलू के छिलकों को दोबारा इस्तेमाल करने के कुछ तरीके अपना सकते हैं। आप ब्यूटी से लेकर गार्डनिंग तक इनका उपयोग कई कामों में कर सकते हैं। आलू के छिलकों का सही तरीके से इस्तेमाल कई छोटे-छोटे कामों में मदद कर सकता है।

### खाद बनाएं

आलू के बेकार छिलकों को आप खाद बनाने में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आलू के छिलकों को टुकड़ों में काटकर किसी बर्तन में पानी में रखकर कुछ दिनों के लिए छोड़ दें। इसे बीच बीच में हिलाते रहें ताकि खाद आसानी से तैयार हो सके। करीब 2 हफ्ते बाद आलू के छिलके खाद में बदल जाएंगे। जिसका इस्तेमाल आप पौधों के लिए कर सकते हैं।

### बर्तनों को साफ करें

जब भी हम तेज आंच पर खाना बनाते हैं, तो बर्तन जल जाते हैं जिसके दाग आसानी से साफ नहीं होते हैं। ऐसे में कालेपन को दूर करने के लिए आलू के छिलकों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद नैचुरल स्टार्च बर्तनों की गंदगी को दूर करने में मदद कर सकता है। इसके लिए आलू के छिलकों को पानी में भिगोकर रख दें और करीब 3-4 घंटे बाद इस पानी से बर्तनों को साफ करने पर चमक वापस आ सकती है।

### चेहरे के लिए इस्तेमाल

आलू के छिलकों का इस्तेमाल आप होममेड फेस क्लिनिंग के लिए भी कर सकते हैं। सबसे पहले आलू के छिलकों को पीस लें और उसमें थोड़ा दूध मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और करीब 10 मिनट बाद धो लें। इससे चेहरे पर जमी गंदगी दूर हो सकती है। ध्यान रहे कि इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। अगर आपको स्किन संबंधी कोई भी समस्या है तो इसका इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### लकड़ी की चमक वापस लाएं

घर पर अगर लकड़ी का फर्नीचर है तो उसकी चमक को वापस लाने के लिए आलू के छिलकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आपको लकड़ी के फर्नीचर पर आलू के छिलकों को रगड़ना है, इससे चमक लौट सकती है।

# लंबे समय तक मोबाइल चलाने वालों के लिए नेक एक्सरसाइज

**नेक टिल्ट एक्सरसाइज–** इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे बैठ जाएं और रीढ़ को सीधा रखें। अब धीरे-धीरे गर्दन को दाईं तरफ झुकाएं। इस दौरान कोशिश करें कि कान कंधे के करीब जाए।10-15 सेकंड तक इसी स्थिति में रहें। फिर गर्दन को सामान्य स्थिति में लाएं और दूसरी तरफ दोहराएं। इसे 4-5 बार कर कर सकते हैं। इसे करते समय आपको कुछ सावधानियां भी बरतनी है। गर्दन को झटके से न मोड़ें। कंधों को ऊपर न उठाएं। अगर तेज दर्द महसूस हो तो तुरंत रोक दें। सबसे जरूरी सर्वाइकल की समस्या वाले लोग बहुत ज्यादा स्ट्रेच न करें।

**चिन टक एक्सरसाइज–** इसे करने के लिए कुर्सी पर सीधे बैठ जाएं। अब ठुड्डी (chin) को धीरे-धीरे अंदर की तरफ खींचें। ऐसा महसूस करें जैसे डबल चिन बना रहे हों। इसे 5-10 सेकंड तक होल्ड करें। फिर सामान्य स्थिति में आ जाएं। इसे आप 8-10 बार दोहरा सकते हैं। गर्दन को नीचे झुकाने की गलती न करें। एक्सरसाइज करते समय पीठ सीधी रखें।बहुत ज्यादा जोर लगाकर चिन अंदर न दबाएं। चक्कर आने पर तुरंत रुक जाएं।



**नेक रोटेशन एक्सरसाइज–**इसे करने के लिए सबसे पहले आराम से बैठ जाएं। फिर अब गर्दन को धीरे-धीरे दाईं तरफ घुमाएं। जितना आराम से घूम सके उतना ही घुमाएं। एक बात का ध्यान रखें 10 सेकंड रुकें और फिर दूसरी तरफ करें। इसे 5-6 बार दोहराएं। इस दौरान गर्दन को तेजी से गोल-गोल न घुमाएं। दर्द होने पर गर्दन को फोर्स न करें। एक्सरसाइज करते समय सांस सामान्य रखें। स्पॉन्डिलाइटिस या पुरानी गर्दन की चोट वाले लोग डॉक्टर की सलाह के बाद करें।

## संपादकीय

# समंदर के रास्ते 'सफेद जहर' की दस्तक, मुंद्रा तट बना तस्करों की पहली पसंद

गुजरात के लिए सबसे बड़ी चुनौती उसकी लंबी तटरेखा है और बड़ी संख्या में पंजीकृत छोटे जहाजों और नावों की निगरानी करने के लिए माकूल व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है। पुलिस ने बताया कि जहाज का आखिरी पड़ाव पाकिस्तान के कराची स्थित पोर्ट कासिम था, जहां से वह गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। देश में नशीले पदार्थों का बढ़ता काला कारोबार एक गंभीर समस्या बन गया है। शहरों से लेकर गांवों तक इसका जाल तेजी से फैल रहा है। विदेश से भी बड़े पैमाने पर जमीन और समुद्र के रास्ते नशीले पदार्थों की तस्करी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हाल ही में तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने संयुक्त अभियान में मुंद्रा तट पर एक जहाज से करीब 1,150 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ जब्त किया है। सवाल है कि गुजरात नशीले पदार्थ का पारगमन केंद्र क्यों बनता जा रहा है? राज्य में पिछले कुछ वर्षों से सुरक्षा बल इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। इसके बावजूद अगर समुद्री मार्ग से नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही है, तो इसकी क्या वजह हो सकती है। सुरक्षा एजंसियां आखिर उन लोगों तक क्यों नहीं पहुंच पाती हैं, जो इतने बड़े पैमाने पर समुद्री मार्ग से नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं और उसे देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाते हैं। गौरतलब है कि गुजरात के मुंद्रा तट पर यह पहली बार नहीं है, जब समुद्र के रास्ते लाई गई नशीले पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ी गई है। वर्ष 2021 में तो इक्कीस हजार करोड़ रुपए के तीन हजार किलो नशीले पदार्थ यहां जब्त किए गए थे। उस समय यह सबसे बड़ी बरामदगी बताई गई थी। उसके बाद ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की खेप मंगाता कौन है? इसकी व्यापक रूप से जांच किए जाने की जरूरत है, ताकि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके। गुजरात के लिए सबसे बड़ी चुनौती उसकी लंबी तटरेखा है और बड़ी संख्या में पंजीकृत छोटे जहाजों और नावों की निगरानी करने के लिए माकूल व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है। व्यापार और सुरक्षा के लिहाज से यह तटरेखा संवेदनशील है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि उन संगठित गिरोहों पर शिकंजा कसा जाए, जो विदेश से तस्करी के जरिए देश में नशे का जाल फैला रहे हैं।

## इंदौर पुलिस का मेगा अलर्ट

# ईद पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सड़कों पर उतरे आला अफसर, सभी जोनों में निकाला व्यापक फ्लैग मार्च

*एडिशनल सीपी और डीसीपी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने किया पैदल मार्च,ड्रोन और सीसीटीवी से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी, अफवाह फैलाने वालों को सीधे जेल की चेतावनी*





**इन्दौर।** ईद के त्योहार को देखते हुए इंदौर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और अलर्ट मोड पर आ गया है। शहर में शांति, सुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस के आला अधिकारियों ने खुद मैदान संभाल लिया है। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के सभी जोनों में बीती रात को वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और मस्जिदों के आसपास व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला गया, ताकि आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न हो और असामाजिक तत्वों में कानून का खौफ बना रहे।

ईद के मद्देनजर कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एडिशनल पुलिस कमिश्नर मयंक अवस्थी और डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत स्वयं सड़क पर उतरे। उनके नेतृत्व में एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा और एसीपी विवेक सिंह चौहान सहित भारी पुलिस बल ने सदर बाजार और मल्हारगंज थाना क्षेत्र के मुख्य मार्गों, संवेदनशील चौराहों और तंग गलियों में पैदल मार्च किया। इसी कड़ी में शहर के दूसरे हिस्से यानी छत्रीपुरा और पंढरीनाथ क्षेत्र में भी पुलिस का कड़ा पहरा दिखाई दिया। यहाँ एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी विजय तिवारी और छत्रीपुरा थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने पुलिस बल और वाहनों के साथ संवेदनशील पॉकेट्स और बाजारों का मुआयना किया ताकि त्योहार के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो।इंदौर कमिश्नरेट के ज़ोन-3 पुलिस द्वारा भी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामस्नेही मिश्रा के नेतृत्व में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च में एसीपी कोतवाली, एसीपी संयोगितागंज सहित कोतवाली, एम.जी. रोड, तुकोगंज, संयोगितागंज, पलासिया एवं छोटी ग्वालटोली के थाना प्रभारी अपने पूरे बल के साथ उपस्थित रहे। ज़ोन-3 के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों और मस्जिदों के आसपास भ्रमण कर पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों और व्यापारियों से संवाद स्थापित किया और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

### चंदन नगर और ज़ोन-4 के इलाकों में मुस्तैदी

*पश्चिम क्षेत्र के सबसे व्यस्त और संवेदनशील माने जाने वाले थाना चंदन नगर और ज़ोन-4 के इलाकों में पुलिस उपायुक्त सुनील कुमार मेहता ने कमान संभाली। डीसीपी सुनील कुमार मेहता के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी और चंदन नगर थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक करोले सहित पुलिस बल मौजूद रहा। ज़ोन-4 पुलिस ने संवेदनशील बस्तियों और मस्जिदों के आसपास अनुशासित एवं प्रभावी तरीके से क्षेत्र भ्रमण किया और क्षेत्रीय नागरिकों को आश्वस्त किया कि इंदौर पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।*

## आइस डिपो में चोरों ने मारी सेंध काउंटर का लॉक तोड़कर 35 हजार किए पार

**इंदौर।** चंदननगर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने आइस डिपो की दुकान में घुसकर काउंटर का लॉक तोड़ दिया और 35 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी युधिष्ठिर उम्र 28 साल निवासी रामबलराम नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी दुकान काल्‌ू आइस डिपो, सिरपुर माता मंदिर के सामने स्थित है। 26 मई की रात से सुबह के बीच अज्ञात बदमाश दुकान में घुस गए। सुबह करीब 9 बजे दुकान पहुंचने पर देखा कि केश काउंटर का लॉक टूटा हुआ था और उसमें रखे 35 हजार रुपए नगद गायब थे। बदमाश वारदात के बाद फरार हो गए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## वाहन बुकिंग को लेकर घर में घुसकर किया हमला

### युवक के सिर पर मारा गमला

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में वाहन बुकिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। चार आरोपियों ने घर पहुंचकर युवक के साथ मारपीट की और सिर पर गमला मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी अमन कुरील उम्र 26 साल निवासी शीतल नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि वाहन बुकिंग को लेकर आरोपी विनय ने उसके परिवार से गलत तरीके से बात की थी। इस पर फरियादी ने विनय की मां को फोन कर शिकायत की। इसी बात को लेकर आरोपी विनय, सचिन, रजत और उदय उसके घर पहुंचे और गालियां देने लगे। विरोध करने पर चारों ने मिलकर फरियादी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस दौरान सचिन ने गमले से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। फरियादी की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## एटीएम में तोड़फोड़, चोरी की कोशिश नाकाम

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में नायता मुंडला आरटीओ रोड स्थित इंडिया वन एटीएम में अज्ञात बदमाशों ने तोड़फोड़ कर चोरी की कोशिश की, लेकिन कैश सुरक्षित मिला। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी अमित बाहेती उम्र 42 साल निवासी सुदामा नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि 6 मई की शाम से रात के बीच अज्ञात आरोपियों ने इंडिया वन एटीएम को निशाना बनाया। बदमाशों ने मशीन का डोर हैंडल, लॉक, वायरिंग और कैमरा तोड़ दिया, साथ ही एटीएम का लॉक भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद जब कैश चेक किया तो रकम सुरक्षित पाई गई। शिकायत पर तेजाजी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## तिरपाल काटकर लाखों का माल किया पार

**इंदौर।** आजादनगर थाना क्षेत्र में लोहा मंडी से पिपल्याहाना ब्रिज के बीच खड़े वाहन से अज्ञात चोरों ने तिरपाल काटकर कपड़ा, हार्डवेयर के कार्टून चोरी कर लिए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी दीपक अग्रवाल उम्र 56 निवासी एलआईजी जवाहर नगर, देवास ने शिकायत दर्ज कराई कि 26 मई की रात अज्ञात बदमाशों ने उनके मालवाहक वाहन को निशाना बनाया। बदमाशों ने तिरपाल का रस्सा काटकर वाहन में रखे एक कपड़े का पार्सल, हार्डवेयर के तीन बॉक्स और दवाइयों के दो कार्टून चोरी कर लिए। घटना लोहा मंडी से पिपल्याहाना ब्रिज के बीच हुई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शिकायत पर आजादनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## भोजनालय में शराब पीने से किया मना तो की मारपीट और तोड़फोड़

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र के महाकाल भोजनालय में नशा करने से मना करने पर विवाद बढ़ गया। आरोपियों ने युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की, कांच की बर्नी से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी विकास चौहान उम्र 27 साल निवासी नया बसेरा, गांधी नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि देर रात करीब 9:30 बजे वह महाकाल भोजनालय, बीसीएम कॉलोनी के पास मौजूद था। इसी दौरान आरोपी आदित्य भाटी और सोनू वर्मा, दोनों निवासी समर्थ रेसिडेंसी, वहां पहुंचे। भोजनालय में नशा करने से मना करने पर आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया और गालियां देते हुए हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की। विवाद के दौरान आरोपियों ने कांच की बर्नी से हमला किया और तीन कांच की बर्नियां तोड़कर नुकसान पहुंचाया। साथ ही फरियादी को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। शिकायत पर गांधी नगर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 150100 | 154230 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 253500 | 260000 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# प्रिंस और कपिल ने बब्बर शेर इलेवन को दिलाई जीत

**इंदौर।** चढ़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का रोमांच प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। खिलाड़ियों की उम्दा पारियों और उम्दा प्रदर्शन से एक उत्साहपूर्ण वातावरण का निर्माण हो रहा है। हर कोई खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए खेल मैदान पर पहुंच रहा है और उनकी हौसला अफजाई कर रहा है।

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा के आठवें दिन हुए मुकाबलों में बब्बर शेर इलेवन ने सेवा इलेवन को 9 विकेट से पराजित किया। सेवा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 9 विकेट खोकर 71 रनों का स्कोर खड़ा किया। सेवा इलेवन की ओर से कुलविंदर सिंह गिल ने 25 रनों की उपयोगी पारी खेली। नरेंद्र सिंह ने 18 व अभजोत सिंह ने 10 रनों की पारी खेली। जवाब में बब्बर शेर इलेवने 5.1 ओवर में ही 1 विकेट पर 76 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। विजयी टीम की ओर से प्रिंस ठक्कर ने 20 गेंदों में 34 और कपिल सिंह ने 8 गेंदों में 26 रनों की उम्दा पारियां खेली। दोनों ने 4-4 छक्के लगाए।



दोनों की शानदार पारी देख उपस्थित दर्शक झूमने पर मजबूर हुए। हर चौके-छक्के पर जोरदार ढोल-ढमाके बजाए जा रहे थे।

मुकालबों के दौरान पहुंचे एसीपी विजय चौधरी, विवेक शर्मा, लकी छाबड़ा, राजू चावला, सोनू खालसा, जसबीर सिंह, बंटी छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह, गुरनीत सिंह, पूनम मौर्य ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों और आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर इस अवसर पर अमरजीत सिंह बग्गा, प्रीतपाल सिंह भाटिया, उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह भाटिया, सुखजिंदर चहल ने किया।

# बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम स्तर तक रहेंगे अधिकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अभियानों को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने पूर्व में जारी अधिसूचना को निरस्त करते हुए अब जिला से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी' के रूप में अधिसूचित किया है। यह निर्णय बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 16 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत लिया गया है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बाल विवाह की रोकथाम, निगरानी और त्वरित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके लिए जिला कलेक्टर से लेकर पटवारी तक की जवाबदारी तय की गई है। प्रशासन की इस नई व्यवस्था के लागू होने से अब बाल विवाह रोकने के लिए एक बेहद मजबूत और त्रि-स्तरीय से भी बड़ा प्रशासनिक तंत्र काम करेगा। जिला स्तर पर इसकी कमान जिला कलेक्टर, अपर कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संभालेंगे, जबकि अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को यह जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह तहसील स्तर पर तहसीलदार और सभी नायब तहसीलदारों को कानूनन सशक्त बनाया गया है। ब्लॉक स्तर पर मोर्चा संभालते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के सेक्टर स्तर पर निगरानी रखने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों और महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव जमीनी स्तर पर करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सीधे पटवारी को और शहरी क्षेत्रों में नगर पालिक निगमों के जोनल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारियों को इस कानून को लागू करने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा छोटे शहरों की नगर पालिका परिषदों और नगर परिषदों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, उप राजस्व निरीक्षक और मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया। ग्राम स्तर तक प्रशासनिक जवाबदेही तय होने से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों को बेहतर संरक्षण मिलेगा। कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलती है तो उसे रोका जाएगा और एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है। शासन ने निर्देशित किया है कि बाल विवाह मामले में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# धार जिले में विकसित हो रहा नया औद्योगिक जोन

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एमपीआईडीसी द्वारा धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र हातोद में तेजी से औद्योगिक विकास कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 152 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित इस औद्योगिक क्षेत्र का विकास लगभग 43 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जिससे यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख उभरते औद्योगिक निवेश केंद्रों में शामिल हो रहा है। एमपीआईडीसी द्वारा औद्योगिक विकास को नई गति दी जा रही है, जिससे यह क्षेत्र निवेशकों के लिए उभरता आकर्षण केंद्र बन रहा है। पहले से ही पायोनियर सीमेंट और अमृत पेपर्स जैसी औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित हैं। इसके साथ ही वर्तमान में फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, एग्रो आधारित एवं अन्य विभिन्न उद्योग भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में एक मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित हो रहा है। धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र हातोद में अब तक 53 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन इकाइयों द्वारा 750 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश तथा लगभग 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए एमपीआईडीसी द्वारा भविष्य के विकास हेतु 150 हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त भूमि भी चिन्हित की गई है। औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को और सुदृढ़ करने के लिए एमपीआईडीसी द्वारा लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से नई जल प्रदाय पाइपलाइन विकसित की जा रही है, जिससे उद्योगों को बेहतर एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

### ड्रेनेज विभाग

### निविदा सूचना

विज्ञप्ति क्रमांक: 15 दिनांक: 25.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_ 510294 25-05-2026 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 07 के अंतर्गत जुनारिसाला स्थित राजेन्द्र वर्मा जी के घर से लेकर धोबी घाट तक ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹8,81,390/- | ₹2,000/- ₹8,900/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 02 | 2026_UAD_ 510295 25-05-2026 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 बडला क्षेत्र में बाबू पटेल घोड़ी वाली गली न. 03 में ड्रेनेज लाईन डालने के संबंध में। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 02 माह ₹1,08,722/- | ₹1,000/- ₹2,200/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 03 | 2026_UAD_ 510297 25-05-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 43 के अंतर्गत न्यू पलासिया में पुरानी क्षतिग्रस्त सीवर लाईन के स्थान पर नवीन सीवर लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹9,79,667/- | ₹2,000/- ₹9,800/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 04 | 2026_UAD _510298 25-05-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75 स्थित छोटी समता नगर, पालदा में दो गलियों में ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹5,36,524/- | ₹2,000/- ₹5,400/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 05 | 2026_UAD_ 510300 25-05-2026 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 07 के अंतर्गत कंडिलपुरा बालदा कॉलोनी में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹7,76,450/- | ₹2,000/- ₹7,800/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 06 | 2026_UAD_ 510301 25-05-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 80 के अंतर्गत आने वाले राजेन्द्र नगर म.न. 249/सी. से 256/सी. तक 257/सी. से 263/सी. व पास की गलियों में क्षत्रिस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹9,42,139/- | ₹2,000/- ₹9,500/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 07 | 2026_UAD _510302 25-05-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75 स्थित कुमार भट्टी म.न. 113 से संतोष किराना मकान न. 106 तक ड्रेनेज लाईन डालना एवं मेन लाईन से जोड़ना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹8,83,664/- | ₹2,000/- ₹8,900/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 08 | 2026_UAD_ 510304 25-05-2026 | झोन क्र.16 वार्डक्र. 01 के अंतर्गत विजय श्रीनगर में श्रीमती आम माथुर व श्री राहुल जायसवाल वाली गली में नवीन ड्रेनेज लाइन डलना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹5,45,834/- | ₹2,000/- ₹5,500/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 09 | 2026_UAD_ 510305 25-05-2026 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अंतर्गत आऊटफॉल को बंद करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 03 माह ₹9,84,962/- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |
| 10 | 2026_UAD_ 510306 25-05-2026 | झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 80 के अंतर्गत आने सुदर्शन नगर उद्यान के पास दिक्षीत जी के घर से मेनरोड़ तक क्षत्रिस्त ड्रेनेज के स्थान पर नई ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 04 माह ₹3,95,470/- | ₹2,000/- ₹4,000/- | 01-06-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 02-06-2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।


# होटल में युवक ने लगाई फांसी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के सरवटे बस स्टेण्ड स्थित एक होटल में युवक जिंदगी की लडाई हार गई। मिली जानकारी के अनुसार पवन पिता रामसिंह (25) निवासी ग्वालियर कल सरवटे बस स्टेण्ड बजरंग होटल पर आकर रुका था। युवक ने होटल के कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक पवन के साथ एक अन्य युवक भी रुका था। पवन शराब दुकान पर मैनेजर था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की शुरू की।

# जमीन विवाद में जीजा पर साले ने किया हमला

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में जमीन को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में साले ने जीजा पर हमला कर दिया। नुकीली वस्तु से वार करने पर पीड़ित के कान में चोट आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।फरियादी पर्वत सिंह निवासी नंदा नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे घर पर पत्नी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। पत्नी जमीन अपने नाम कराने की बात कह रही थी, जबकि फरियादी ने मना करते हुए कहा कि जमीन बेचकर रकम बच्चों के नाम करेगा। इसी दौरान उसका साला शुभम बघेल मौके पर पहुंचा और विवाद में शामिल हो गया। आरोपी ने गालियां देते हुए झगड़ा किया। विरोध करने पर उसने नुकीली वस्तु से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के बाएं कान में चोट लग गई और खून निकलने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। शिकायत पर परदेशीपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# मोबाइल हैक कर खाते से पार किए 1.89 लाख

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल सॉफ्टवेयर अपडेट के दौरान साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपियों ने मोबाइल हैक कर पीड़ित के खाते से 1.89 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी सूरज कुशवाहा उम्र 33 साल निवासी ओमेक्स सिटी-1 बायपास ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके रियलमी मोबाइल में अचानक सॉफ्टवेयर अपडेट शुरू हो गया। इसके बाद मोबाइल पूरी तरह हैंग हो गया और बंद-चालू करना भी मुश्किल हो गया। जैसे-तैसे मोबाइल चालू करने पर मैसेज में बैंक के कई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाई दिए। जांच करने पर पता चला कि खाते से 1,89,454 रुपए अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए निकाल लिए हैं। फरियादी की शिकायत पर विजयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर फ्रॉड के एंगल से जांच कर रही है और ट्रांजेक्शन डिटेल खंगाली जा रही है।

# सूर्यवंशी ने 29 गेंदों में 97 रन बनाकर रिकॉर्ड तोड़ दिए

## टी20 टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा छक्कों के मामले में गेल को पीछे छोड़ दिया



**मुल्लनपुर (पंजाब)।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने एक ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) संस्करण और एक टी20 टूर्नामेंट में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ आईपीएल के एलिमिनेटर मैच में यह उपलब्धि हासिल की, जिसमें उन्होंने मात्र 29 गेंदों में 97 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें पांच चौके और 12 छक्कों की मदद शामिल थी। उनका स्ट्राइक रेट 334.48 रहा। सूर्यवंशी ने मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 65 छक्के जड़े हैं, जो कि 2012 के संस्करण में गेल द्वारा बनाए गए 59 छक्कों के आंकड़े से कहीं अधिक है। सूर्यवंशी ने आईपीएल की एक पारी में 10 से अधिक छक्के लगाने के मामले में गेल की बराबरी कर ली है, कुल चार बार। इनमें से तीन मौके इसी सीजन में आए हैं, जिससे वह एक सीजन में तीन आईपीएल पारियों में 10 से अधिक छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। 15 वर्षीय खिलाड़ी का क्रिकेट दिग्गजों को एक-एक करके मात देने का सिलसिला जारी है, क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2008 में मुंबई इंडियंस (एमआई) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच हुए मुकाबले के दौरान मुल्लनपुर में पावरप्ले में आठ छक्के लगाकर श्रीलंका के दिग्गज सनथ जयसूर्या के सात पावरप्ले छक्कों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी आईपीएल सीजन के दौरान पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, उन्होंने 490 रन बनाए हैं और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने 2016 संस्करण में एसआरएच के लिए 467 रन बनाए थे। आईपीएल में पावर प्ले में यह उनका पांचवां पचास से अधिक का स्कोर है, उनसे आगे केवल वार्नर (ऐसे छह स्कोर) हैं। उन्होंने आईपीएल के नॉकआउट/प्लेऑफ मैच में पावरप्ले के दौरान पचास से अधिक रन बनाने के मामले में सुरेश रैना (2014 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 87 रन) और एडम गिलक्रिस्ट (2009 में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ 74 रन) का भी साथ दिया है। सूर्यवंशी का यह पांचवां अर्धशतक है जो उन्होंने 20 गेंदों से कम समय में बनाया है, उनसे आगे केवल अभिषेक शर्मा (छह) हैं। सूर्यवंशी ने आईपीएल प्लेऑफ में नए रिकॉर्ड बनाए 15 वर्षीय खिलाड़ी के 16 गेंदों में बनाए गए अर्धशतक ने आईपीएल नॉकआउट/प्लेऑफ मैच में संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक के मामले में रैना के 16 गेंदों में बनाए गए अर्धशतक (2014 में पीबीकेएस के खिलाफ) की बराबरी कर ली।



## तैराकी स्पर्धा में प्रत्युल, शौर्य, भूमी, हार्मनी ने जीते पदक

**इंदौर।** 54वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्मण सिंह चौहान तरण पुष्कर पर किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर एवं सबजूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्रदान की गई। साथ ही मध्यप्रदेश व देश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 30 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में विभिन्न ग्रुपों में बालक वर्ग में प्रतुल्य ठाकुर, शौर्य मुच्छाल, कृषिव जोशी, प्रियंवद सिंह, आदित्य चौलकर, हर्ष दवे, सीनियर वर्ग में कृष्णा श्रीवास तथा बालिका वर्ग में नव्या शर्मा, रूनही गोपालिया, हार्मनी जैन, कनक करवरे, आस्था गोसाई, सीनियर वर्ग महिला में भूमि अग्रवाल व हार्मनी जैन ने जीती। तैराकी में कृषिव दोशी, गोताखोरी में प्रीति शर्मा, धारणी तिवारी, आरुष रघुवंशी, अवनि यादव, अनन्या यादव, किर्तन बागोरा को विशेष सम्मान दिया गया। कयाकिंग केनोइंग में प्रधुमन सिंह राठौर, करिश्मा दीवान, अनक चौहान , आदित्य जोशी, पारिधि पगारे, गर्व कोकाटे को बी.बी. कस्बे ,लोकेंद्र सिंह राठौर, योगेंद्र सिंह राठौर, मनीष वीरथरे, मनोज दवे, गौरव द्विवेदी, सागर तोन्डे,योगेश वाजपेयी, मनीष इमोलिया मोहित इमोलिया द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों ने आयोजन की सराहना की तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**न्यूज इन बॉक्स**

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर मैत्री श्रृंखला का दूसरा मैच जीता

**पर्थ ।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर चार मैचों की मैत्री श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। हॉकी इंडिया की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेहमान टीम ने अंतिम क्वार्टर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 1-1 से ड्रॉ कराया और फिर शूटआउट में मेजबान टीम को 4-2 से हरा दिया। मैच की रोमांचक शुरुआत के बाद, ओलिविया डाउन्स (10वें मिनट) के गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बढ़त बना ली। लेकिन भारतीय टीम ने पेनल्टी कॉर्नर से लगातार मौके बनाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम पर दबाव बनाया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रक्षात्मक रणनीति में दृढ़ता बनाए रखी। लेकिन अंत में, सुशीला चानू पुखरामबम (46वें मिनट) के गोल से घरेलू टीम का प्रतिरोध टूट गया और भारत ने मैच को बराबरी पर ला दिया। शूटआउट में नवनीत कौर, इशिका चौधरी, अन्नू और रुतुजा दादासो पिसल के गोल से मेहमान टीम ने 4-2 से जीत हासिल की। सीरीज का तीसरा मैच शुक्रवार को भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे उसी मैदान पर खेला जाएगा।

# इन्दौर कोल्ट्स चैम्पियन



**इंदौर ।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजिए एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित सुरेशचंद्र लुनावत अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा का दो दिवसीय फायनल मैच इंदौर कोल्ट्स एवं देव्ज एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें इन्दौर कोल्ट्स ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 72 ओवरो में सभी विकेट खोकर 261 रन बनाए । भव्य चैहल ने 75 रन, स्वाभीमान ने 54 रन एवं आकाश चौधरी ने 48 रन बनाए । आरव श्रृंगी ने 5 विकेट तथा हर्षित व राहुल ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में देव्ज एकेडमी ने अपनी पहली पारी में 63 ओवरो में 222 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिए। इस तरह इंदौर कोल्ट्स ने 39 रनों की महत्वपूर्ण बढत हासिल कीं। जपजीत सिंह ने सर्वाधिक 40 रन बनाये । देवांश तोमर ने 4 विकेट एवं जुनैद खान ने 3 विकेट लिये । मैच खत्म होने पर अम्पायरों द्वारा पहली पारी की बढत के आधार पर इन्दौर कोल्ट्स को विजयी घोषित किया गया और इस तरह इंदौर कोल्टस को चैम्पियन होने का गौरव हासिल हुआ । इन्दौर कोल्ट्स की इस खिताबी सफलता पर आईडीसीए के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, चैयरमैन संजय लुणावत, पूर्व सचिव अमिताभ विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष विरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष सुबोध गुप्ता, सहसचिव आनंद शिन्दे एवं संदीप चौघरी, सुधीर रसाल एवं जयंत वानखेडे ने इन्दौर कोल्ट्स के सचिव अमरदीपसिंह पठानिया तथा मुख्य कोच राजेन्द्र राठौर एवं आकाश राठौर को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## वैभव एलिमिनेटर में बने 'पावरप्ले किंग' आईपीएल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड किया ध्वस्त

**मुल्लांपुर।** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने बुधवार को आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर में आतिशी बल्लेबाजी की। वह सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ महज तीन रनों से सेंचुरी से चूक गए। ओपनर सूर्यवंशी ने मुल्लांपुर के मैदान पर 29 गेंदों का सामना करने के बाद 97 रन बटोरे, जिसमें पांच चौके और 12 छक्के हैं। वह आठवें ओवर में प्रफुल हिंगे का शिकार बने। सूर्यवंशी का पावरप्ले यानी शुरुआती छह ओवर में गजब का रौद्र रूप दिखा। जब पावरप्ले समाप्त हुआ, तब सूर्यवंशी 20 गेंदों में 60 रन बनाकर क्रीज पर थे। स्कोर 80/0 था। सूर्यवंशी नए 'पावरप्ले किंग' बन गए हैं। दरअसल, सूर्यवंशी इंडियन प्रीमियर लीग के एक सीजन में पावरप्ले में सर्वाधिक रन बनाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। वह 19वें सीजन में 15 मैचों में अब तक शुरुआती छह ओवर में 490 रन जोड़ चुके हैं। उन्होंने डेविड वॉर्नर का 10 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया है।

## मध्यप्रदेश के कोच प्रवीण पांडे अंडर -17 में एशियाई कुश्ती में जाएंगे



**इंदौर ।** वियतनाम में चल रही एशियाई कुश्ती में मध्यप्रदेश (जबलपुर) के प्रवीण पांडे कोच बनकर जाएंगे। ओलंपियन पप्पू यादव ने कहा कि अब पहलवानों के साथ कोचों को भी लगातार अंतरराष्ट्रीय अनुभव दिलाना जरूरी है। प्रदेश के कुश्ती जगत में जबलपुर का काफी दखल है। वहां के विश्वामित्र अवॉर्डी उमाशंकर पटेल, विक्रम अवॉर्डी अजय शर्मा (अज्जू पहलवान), शिवकुमार यादव कोच चंदन चक्रवती (कटनी), आदित्य रैकवार ने काफी प्रशंसा व्यक्त की। लगातार मध्यप्रदेश के पहलवानों वा कोचों का चयन होने पर ओलंपियन पप्पू यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव, गोविंद गुर्जर, विकास यादव, सचिन यादव रेलवे ने बधाई दी।

## इंदौर कॉरपोरेशन पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन की टीम घोषित



**इन्दौर ।** ग्वालियर में दिनांक 30 व 31 मई को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय मास्टर्स क्लासिक और इक्विप्ड पुरुष व महिला पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली इंदौर कॉरपोरेशन टीम की घोषणा एसोसिएशन सचिव जे. सी. राठौर ने की । उक्त प्रतियोगिता में महिला वर्ग की खिलाडी श्रीमती गीता चौहान, शांतवाना शर्मा, पुरुष वर्ग में निखिल सोमानी, मुर्तजा बेरिन्वाला, मनोहर रैकवार, राजेश परमार, हरबिंदर सिंह गिरें, रमेश चन्द्र नामदेव, श्रीराम तारे, सुरेन्द्र सिंह राठौर, अशोक दुबे, चन्दन सिंह चौधरी, इसके साथ ही एसोसिएशन के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय निर्णायक, श्रीराम तारे, रमेश नामदेव,संजीव राजदान, मनीष लश्करी, अंबिकेश तिवारी, आदित्य द्विवेदी, जितेंद चौहान, राजेश्वर वर्मा, शुभम जैन, कैलाश जोशी, मीरा राजदान, रेखा अग्रवाल भी प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सहभागिता देंगे।

# जुआ और सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 6 आरोपियों को दबोचा

## नगदी और सामग्री जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

तुकोगंज थाना पुलिस की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पिछले 24 घंटों के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। इस प्रभावी कार्रवाई के दौरान सट्टा लिखने और सरेराह जुआ खेलने वाले कुल 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मौके पर ही सट्टा पर्ची, ताश की गड्डी, मोबाइल फोन और नगद राशि सहित भारी मात्रा में मशरूका जब्त किया है।



पहली बड़ी कार्रवाई यशवंत क्लब के पास सट्टे के कारोबार को लेकर हुई है। तुकोगंज पुलिस की टीम को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि यशवंत क्लब के मुख्य द्वार के पास एक युवक सट्टा लिख रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की और सट्टे का कारोबार कर रहे मुख्य आरोपी हेमंत वर्मा पिता प्रेमनारायण वर्मा निवासी-गोमा की फैल, कबीर चौक को दबोच लिया। जब पुलिस ने आरोपी हेमंत से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सट्टे के इस काले कारोबार के मुख्य आका और मेन खाईवाल का नाम उगला, जिसकी पहचान वाहिद लाला उर्फ वाहिद अंसारी निवासी पाटनीपुरा के रूप में हुई। हेमंत सट्टे का सारा हिसाब इसी वाहिद लाला के पास भेजा करता था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खाईवाल वाहिद अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 4 हाथ से लिखी अंक वाली सट्टा पर्चियां, 800 नगद, एक लीड पेन और एक सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल फोन जब्त किया है। तुकोगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना में लिया है।

इसी सिलसिले में दूसरी प्रभावी कार्रवाई बाल विनय मंदिर स्कूल की दीवार के पीछे 'मांग पत्ती' नामक जुआ खेलते हुए जुआरियों पर की गई। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नए रेलवे स्टेशन के पास स्थित बाल विनय मंदिर स्कूल की दीवार के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत दबिश दी तो वहाँ बिजली के खंभे के नीचे उजाले में चार युवक ताश के पत्तों पर 'मांग पत्ती' नाम का हार-जीत का दांव लगाते हुए मिले। पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर मौके से मनीष पिता बद्रीलाल वर्मा ,विकास पिता रमेश मौर्य , अभिषेक पिता हरीसिंह नायक , और शिवम पिता संतोष केवट को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी आरोपी गोमा की फैल के रहने वाले हैं। पुलिस ने फड़ और जामा तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते और कुल 1,100 नगद राशि जब्त की है। थाना तुकोगंज में इन चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# क्राइम ब्रांच की ऑनलाइन फ्रॉड पर बड़ी चोट..

## इस साल के चार महीनों के भीतर पीड़ितों को वापस दिलाए 2.36 करोड़ रुपये

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

डिजिटल होते दौर में बढ़ते सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने और ठगी के शिकार हुए आम नागरिकों को राहत पहुँचाने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच शाखा लगातार प्रभावी और त्वरित कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2026 के शुरुआती चार महीनों जनवरी से अप्रैल के भीतर ही क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने तत्परता दिखाते हुए ऑनलाइन फ्रॉड से पीड़ित आवेदकों की कुल दो करोड़ छत्तीस लाख सतहत्तर हजार पांच सौ छिहत्तर रुपये की गाढ़ी कमाई की राशि सकुशल वापस कराई है।

पुलिस कमिश्नरेट से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस वर्ष अप्रैल माह तक क्राइम ब्रांच के सायबर सेल को कुल 3350 सायबर फ्रॉड की शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर सायबर एक्सपर्ट्स और जांच टीमों ने बिना वक्त गंवाए त्वरित तकनीकी छानबीन शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप करोड़ों रुपये की राशि को बीच में ही होल्ड कराकर पीड़ितों के बैंक खातों में वापस ट्रांसफर कराया गया। क्राइम ब्रांच की इस वित्तीय रिकवरी के मासिक आंकड़ों पर नजर डालें तो जनवरी माह में 36,46,049/- रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए गए। इसके बाद फरवरी माह में पुलिस को बड़ी सफलता मिली और यह आंकड़ा 91,95,726/- रुपये तक पहुँच गया। मार्च माह में भी प्रभावी कार्रवाई जारी रखते हुए 59,05,830/- रुपये तथा अप्रैल माह में 49,29,971/- रुपये की राशि आवेदकों को वापस कराई गई। वित्तीय रिफंड के साथ-साथ क्राइम ब्रांच ने सायबर अपराधियों के तकनीकी तंत्र को भी ध्वस्त किया है। इस अवधि में पुलिस ने ठगी के पैसों के लेन-देन में इस्तेमाल होने वाले हजारों फर्जी बैंक खातों को चिन्हित कर उन्हें फ्रीज कराया है। इसके अलावा, आम नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 180 से अधिक हैक हो चुके सोशल मीडिया अकाउंट्स को सफलतापूर्वक रिकवर कराकर उनके मूल स्वामियों को सौंपा गया। साथ ही, आवेदकों के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर बनाए गए 200 से अधिक फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी ब्लॉक कराया गया है। क्राइम ब्रांच की जांच में यह बात भी सामने आई है कि इंदौर में सबसे अधिक सायबर ठगी तीन प्रमुख तरीकों से की जा रही है। इनमें पहला तरीका इन्वेस्टमेंट ऑनलाइन फ्रॉड का है, जिसमें टास्क पूरा करने, शेयर ट्रेडिंग और ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर बड़ा मुनाफा कमाने का लालच दिया जाता है। दूसरा तरीका बैंक अधिकारी बनकर फोन करना और केवाईसी अपडेट करने, रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम करने या क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के बहाने ओटीपी और पासवर्ड पूछकर खाता खाली करना है। वहीं तीसरे तरीके में ठग डिजिटल माध्यमों पर पीड़ित का परिचित या रिश्तेदार बनकर आपातकालीन स्थिति का हवाला देते हैं और भावनात्मक रूप से जाल में फंसाकर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।

# अवैध शराब के साथ वाहन किया जब्त आबकारी विभाग ने दो आरोपी भी पकड़े

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आबकारी अधिकारी धर्मेन्द्र जोशी के नेतृत्व में मीरासिंह की टीम ने पलसीकर कालोनी मेन रोड पर जा रहे एक एक्टिवा वाहन को रोका, तलाशी लेने पर थैले में भरकर ले जाई जा रही 50 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब और गाड़ी की डिक्की में 75 पाव देशी शराब प्लेन जब्त किए। मदिरा और वाहन के अनुमानित मूल्य 54500 रु. आंकी गई। अमित पिता रामलखन शर्मा निवासी श्रृष्टि पैलेस छोटा बांगड़दा इंदौर को गिरफ्तार किया गया है। एक और बाइक महूनाका मेनरोड की ओर जा रही थी, जिसे पुलिस ने रोका, 100 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 50 पाव देशी मदिरा मसाला कुल 18 बल्क लीटर देशी मदिरा शराब जब्त की गई। शराब और वाहन की कीमत 81 हजार 150 रु. आंकी गई। यहां पर भी आरोपी किशोर पिता राजकुमार निवासी इंद्रानगर इंदौर को गिरफ्तार किया गया। दोनों ही मामले में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया और आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में आरक्षक मोहित कछवाय, मोहित रायकवार, अमित का सराहनीय योगदान रहा।



# अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी

## ऑल्टो कार से 14 पेटी शराब जब्त, देवास के दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**अवैध गतिविधियों और नशा माफियाओं के खिलाफ इंदौर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कनाड़िया थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए देवास से इंदौर आ रही एक ऑल्टो कार को रोका, जिसमें भारी मात्रा में अवैध देशी शराब की खेप बरामद की गई। पुलिस ने कार सवार दो शातिर तस्करों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है, जो देवास से अवैध शराब लाकर इंदौर में खपाने की फिराक में थे।**



कनाड़िया थाना पुलिस को देर शाम एक गुप्त सूचना मिली थी कि देवास की ओर से एक ऑल्टो कार में अवैध रूप से भारी मात्रा में देशी मदिरा भरकर इंदौर की सीमा में प्रवेश कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस की एक विशेष टीम ने कनाड़िया क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार एक ऑल्टो कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो कार चालक ने रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर कार को सड़क किनारे ही दबोच लिया। पुलिस द्वारा जब कार की सघन तलाशी ली गई, तो डिक्की और पीछे की सीटों के नीचे छिपाकर रखी गई शराब की पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने कार से कुल 14 पेटी अवैध देशी मदिरा जब्त की है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से दो आरोपियों कमलेश चौहान उर्फ कालू पिता अजय चौहान निवासी एबी रोड, भोपाल चौराहा, देवास और केशव पिता पप्पू लाल यादव निवासी गवली मोहल्ला, देवास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से अवैध शराब और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही ऑल्टो कार को जब्त किया है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 1,70,000/- रुपये आंकी गई है। कनाड़िया थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस द्वारा अब मामले की विस्तृत और गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि वे देवास में यह शराब किस स्रोत से लेकर आए थे और इंदौर में इसे किस एजेंट या ठिकाने पर सप्लाई किया जाना था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस अवैध शराब नेटवर्क से जुड़े मुख्य सरगनाओं और अन्य व्यक्तियों को भी चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाएगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।